हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 21 मार्च 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




आप सभी को
ईद
की दिली मुबारकबाद...


आप सभी को
ईद मुबारक
मो. हनीफ
जिला अध्यक्ष
अल्पसंख्यक मोर्चा
बिलासपुर शहर छत्तीसगढ़


ये तो मेरे ख्वाजा का करम है
आप सभी को
ईद मुबारक
साजिद ऐबानी
Chisht Atelier
Interior Design Studio
चिश्तिया काम्प्लेक्स, भाटिया पेट्रोल पंप के पास
गौरवपथ, बिलासपुर, मो.: 9109655797


ईद की
दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak
हाजी सैय्यद अकबर बक्शी
(रश्मि भाई)


AZ
RECREATIONAL
RESORT INNOVATION
DEVELOPERS & PLANNER
आप सभी को
ईद मुबारक
तजम्मुल हक
(ताज)
अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
बिलासपुर


आप सभी को
ईद
की दिली मुबारकबाद
नाज़िम खान
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़


ईद मुबारक
हाजी डॉ. हमीद उल्ला खान
डेलीगेट, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस
डीआरओ बिदिसा म.प्र., पूर्व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस
कमेटी अल्पसंख्यक विभाग मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - मतदाता जागृति मंच नई दिल्ली प्रदेश
अध्यक्ष मुस्लिम विकास संघ, पूर्व जन सम्पर्क अधिकारी
हिदायत उल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रायपुर
पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष
राजीव गांधी शिक्षा मिशन अधिकरी कर्मचारी संगठन
संगठन म.प्र. पूर्व सलाहकार सदस्य द.पू. रेलवे कलकत्ता


आप सभी को ईद
की दिली मुबारकबाद
इरशाद अहमद सिद्दीकी
सैय्यद एजाज अनवर
के.जी.एन. डेव्हलपर्स
प्रापर्टी खरीदी व बिक्री के लिए संपर्क करें
हमारा पता : व्यापार विहार रोड, आस्था पेट्रोल पंप के पास
बिलासपुर (छ.ग.), मो. 9827966602, 9300320769


आप सभी को
ईद मुबारक
आशिक जावेद
जिला उपाध्यक्ष
युवा कांग्रेस बिलासपुर
मो. 9098086655


Eid Mubarak
SIDDIQUI
SINCE - 1995
AUTOMOBILE'S
We sale smile on wheels
SIDDIQUI AUTOMOBILE'S
We Sale Smile On Wheels
TAHIRA
CAR CARE
KASHF SIDDIQUI
9669242424
MOHAMMAD ALI
9977378624
Outlet-1 : In Front Of Tata West Side Vyapar Vihar Road Bilaspur (C.G.)
Outlet-2 : Beside Maruti Nexa Showroom Front of New Bus Stand, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)


आप सभी को ईद की दिली मुबारकबाद...
TITAN
OPTICAL & WATCHES
OPP. R.K. PETROL PUMP, SARKANDA, BILASPUR
TITAN
fastrack
STEPPER
SONATA
SKINN
POLICE
TOMMY HILFIGER
Festival Offer
BUY 1 GET 1
FREE
OPTICALS & SUNGLASSES UPTO 20%OFF
25% off
SMART WATCH UPTO 50%OFF
• कम्प्यूटर द्वारा आंख जांच की सुविधा • इम्पोर्टेड फ्रेम्स • सनग्लास • कान्टेक्ट लैंस उपलबध
सहयोगी प्रतिष्ठान
चश्मा पैलेस
कान्हा मोबाईस के सामने,
टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर
चश्मा पैलेस
EYEZ OPTICALS
SBI एटीएम के सामने,
सिम्स हॉस्पिटल रोड, सदर बाजार, बिलासपुर
*T&C Apply
Contact : 9755550413, 7389089580




बिलासपुर रेलवे स्टेशन से नहीं की गई तोरवा पुलिस चौकी की शिफ्टिंग।

## खबर संक्षेप

### ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**बिलासपुर।** क्रीड़ा भारतीय बिलासपुर के तत्वावधान में ओपन कबड्डी महिला-पुरुष दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 21 और 22 मार्च को प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गा पंडाल मैदान आरटीएस कालोनी मैदान में होगा। शनिवार की सुबह 7 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ और उद्घाटन समारोह 11 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष क्रीड़ा भारती संजय शर्मा और विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगे। इसमें विजेता टीम को 21 हजार और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा।

# 10 दिन में 38 करोड़ का टारगेट, इधर किश्तों में टैक्स जमा करने भटक रहे करदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

कंगाल नगर निगम के राजस्व वसूली का हाल-बेहाल है। करदाता एकमुश्त के बजाय क्रस्ति में कर देने तैयार है पर उन्हें यह कहकर जोन कार्यालय और मुख्यालय विकास भवन का चक्कर कटवाया जा रहा कि पार्ट पेमेंट का ऑर्डर नही है, यही वजह है कि वसूली पिछड़ रही।

हाल यह है कि नगर निगम 25 सालों में आनलाइन पेमेंट की व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं कर सका तो जो करदाता जिनका बकाया अधिक है उन्हें किश्तों में जमा करने की छूट भी नहीं दी जा रही है। इधर राजस्व विभाग के दावे की माने तो वित्तीय वर्ष 2026-27 में 126 करोड़ के राजस्व वसूली के टारगेट के एवज में 88 करोड़ की वसूली अभी तक हो सकी है। जाहिर है अगले 10 दिनों में 38 करोड़ की वसूली करनी होगी। इसके लिए निगम डोर टू कलेक्शन करने के साथ ही विभिन्न वार्डों में कैंप लगाने की बात कह रहा है।

निगम सीमा क्षेत्र में पिछले साल की बात करें, तो 92 हजार मकान और लगभग 16 हजार दुकान का पंजीयन है जो टैक्स अदा करते हैं। इस वर्ष अगर सर्वे कराया गया तो ये आंकड़ा एक लाख पार कर जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक कई बड़े बकायादार निगम के टैक्स वसूली के टारगेट को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में बड़े बकायादारों पर अब कुर्की कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। ध्यान रहे कि ठेका कंपनी को हटाने के बाद निगम अब खुद टैक्स की वसूली कर रहा है। गौरतलब है कि, वर्तमान में शहर और आउटर के वार्डों को मिलाकर निगम में 1.27 लाख के करीब करदाता हैं, जिनसे निगम टैक्स वसूलता है। इसमें लगभग 10 से 15% करदाता ऐसे हैं जो वर्षों से निगम को टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं।

- 126 करोड़ के राजस्व वसूली के टारगेट के एवज में 88 करोड़ की वसूली अभी तक हो सकी
- बकाया वसूली के लिए निगम डोर टू कलेक्शन करने के साथ ही विभिन्न वार्डों में कैंप लगा रहा




### स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम से वसूली में आई तेजी

हालांकि (प्रॉपर्टी टैक्स) वसूली के लिए निगम द्वारा शुरू किया गया स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम जरूर काम आ रहा है। इस नई व्यवस्था के तहत नगर निगम करदाताओं को वॉट्सऐप के माध्यम से बिल भेज रहा है, जिसमें भुगतान के लिए एक लिंक भी शामिल होता है। इससे करदाता घर बैठे आसानी से टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इस माध्यम से करीब तीन करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो चुकी है। दरअसल नगर निगम का यह स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम एक कंप्यूटर प्रोग्राम है। इसका उपयोग कचरा संग्रहण, सफाई, स्ट्रीट लाइट और नाली सफाई जैसी शिकायतों को दर्ज करने के लिए भी किया जा सकता है।

### पार्ट पेमेंट का आदेश ही नहीं

दरअसल नगर निगम क्षेत्र के नए जुड़े इलाको के नागरिक खुद अपने रिहायशी ,कमर्शियल परिसर का टैक्स पटाने पहुंच रहें लेकिन उन्हें वापस भेज दिया जा रहा है। लोग कोरोनाकाल में नौकरी या रोजगार बन्द होने के कारण अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर कुल बकाया का आधा जमा करते हुए बाकि राशि का भुगतान किस्तों में करने का आग्रह कर रहें लेकिन उन्हें जोन मुख्यालय के साथ ही विकास भवन से वापस भेज दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अभी पार्ट पेमेंट का आदेश ही नहीं आया है।

### सालों से टैक्स नहीं पटाने वालों की लंबी लिस्ट

दूसरी ओर शहर में कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने वर्षों से संपत्ति कर नहीं पटाया है। इनकी सूची काफी लंबी है, जिन्हें नोटिस दिया जा रहा। कुछ तो ऐसे बड़े बकायादार हैं, जिनका लगभग 65 लाख रुपए तक बकाया है। जबकि, कुछ ऐसे हैं जिन्होंने 2013 से टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इनमें दस ऐसे बड़े बकायादार हैं जिन्होंने कई सालों से कर नहीं पटाया है। निगम इन्हें हर साल नोटिस दे रहा है पर कार्रवाई नहीं हो रही है।




### बदली गई है व्यवस्था

शहरवासियों की सुविधा के लिए निगम ने टैक्स जमा करने की व्यवस्था में इस महीने बदलाव किया है। अब करदाता किश्तों में अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। जितनी राशि जमा होगी उतने की रसीद मिलेगी और बाकी बकाया रहेगा।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### अब तक संगठित नेटवर्क के 3 आरोपियों की गिरफ्तारी

# ऑनलाइन गेमिंग सट्टे का भंडाफोड़



- एविएटर और विंगो जैसे आनलाइन गेमिंग साइट पर लगाते थे दांव।
- फरार व इनामी आरोपी राजेश उर्फ राजा बजाज भी गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने गिरफ्त में आए सटोरियों से मिली जानकारी के आधार पर सटोरियों के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने संगठित नेटवर्क के 3 आरोपियों को अबतक गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके कब्जे से 6 लाख 90 हजार नकद सहित 45 लाख का माल बरामद कर लिया है। सटोरियों पर कार्रवाई करने में सिविल लाइन पुलिस के साथ ही एसीसीयू की टीम का बड़ा योगदान रहा है।

पुलिस के अनुसार पूर्व में ऑनलाइन गेम का ब्रांच खोलकर सट्टा खिलाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 21 दिसंबर को हेमूनगर निवासी मनोज पोपटानी पिता नंदलाल पोपटानी उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरेपी मनोज को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई इस दौरान उसने बताया कि उसके साथ राजा उर्फ राजेश बजाज व प्रदीप खत्री के साथ मिलकर ऑनलाईन सट्टा किकेट मैच का सट्टा लगाते हैं। संगठित होकर तीनों बिलासपुर, रायपुर व अन्य महानगरों में बैठकर मोटी रकम दांव पर लगाते हैं। इस दौरान कई लोगों को सट्टे के जाल में फांस रखा था और उन्हें मोटी रकम का लालच देकर कमीशन पर काम कराते थे। पुलिस ने मंगला निवासी राजा उर्फ राजेश बजाज व प्रदीप खत्री की पतासाजी शुरू की। दोनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर लगातार मोबाइल और लोकेशन बदल रहे थे। पुलिस को दोनों आरोपियों की रायपुर में होने की जानकारी मिली। इस दौरान एसीसीयू (सायबर सेल) की तकनीकी टीम ने दबिश देकर प्रदीप खत्री पिता रामचंद खत्री, उम्र 34 वर्ष, व राजेश उर्फ राजा बजाज पिता किशन चन्द्र बजाज, उम्र 34 वर्ष को पकड़ लिया। हिरासत में लेकर दोनों से पूछताछ की गई। जिसमें कई खुलासे किए गए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ही बिलासपुर ब्रांच का संचालन करते थे और बिलासपुर, रायपुर में रहकर आनलाईन प्लेटफार्म पर गेम संचालित करते है। उनके कब्जे से ऑनलाइन सट्टा खिलाने में उपयोगी सामग्री, नगदी, मोबाइल, लैपटॉप, फर्जी सिम, बैंक पासबुक, चेक बुक, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, 2 नग रजिस्टर बरामद किए गए है। रजिस्टर में लाखों रूपये के हिसाब- किताब पाए गए हैं।

### आरोपियों के एकाउंट में लाखों का ट्रांजेक्शन

पुलिस ने लाखों रूपए के लैपटाप और फोन जब्त किया है। जिसमें एचपी पवेलियन लैपटॉप सैमसंग S25 अल्ट्रा, आईफोन 16 प्रो, आईफोन 17 प्रो,बैंक पासबुक, चेकबुक, होंडा सिटी कार मारुति ब्रेजा, मारुति स्विफ्ट डिजायर,होंडा एक्टिवा, 6 लाख 90 हजार नकद सहित 45 लाख का माल बरामद किया है। आरोपियों के बैंक खातों में लाखो रुपये का ट्रांजेक्शन पाया गया है, जिसकी जांच की जा रही है।

### लगातार चलेगी कार्रवाई



पुलिस ने सटोरियो के नेटवर्क तक पहुंच बनाई है। अबतक 3 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। जांच में अन्य भी शामिल हो सकते हैं। हमारी टीम लगातार काम कर रही है। नेटवर्क के सभी आरोपियों को पकड़ा जाएगा। एसीसीयू और सिविल लाइन पुलिस ने बेहतर काम किया है।

**- रजनेश सिंह**, एसएसपी

### इस तरह करते थे हेराफेरी

आरोपियों के द्वारा टेलीग्राम पर कस्टमर बनाकर उन्हें लिंक पर जोड़ते थे। कस्टमर व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क कर लिंक प्राप्त करता और ऑनलाइन सट्टा खेला जाता था। मुनाफे का 65फीसदी हिस्सा हेड ऑफिस और 35फीसदी हिस्सा ब्रांच को दिया जाता था। लेन-देन के लिए फर्जी सिम कार्ड एवं फर्जी बैंक खातों का उपयोग आरोपियों के द्वारा किया जाता था। एविएटर और विंगो जैसे आनलाइन गेमिंग साइट बड़ा दांव लगाकर लाखों रूपए की हेराफेरी करते थे।

# 35 प्रतिशत लोगों को नहीं मिला चावल

### आज से पांच दिनों का ब्रेक

### सर्वर अपडेट होने के कारण 21 से 25 मार्च तक नहीं बंटेगा खाद्यान्न

**बिलासपुर।** जिले में मार्च महीने में अब तक 65 प्रतिशत राशन कार्डधारियों द्वारा ही अपना खाद्यान्न उठाया जा सका है, जबकि 35 प्रतिशत कार्डधारी अभी भी खाद्यान्न लेने के लिए शेष हैं। जिन लोगों ने किन्हीं कारणों के चलते अपने खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है, उन्हें अब पांच दिनों तक और इंतजार करना पड़ेगा। सर्वर अपडेट होने के कारण 21 से 25 मार्च तक खाद्यान्न आबंटन की प्रक्रिया बंद रहेगी। ऐसे में कार्डधारियों को अब 26 मार्च से ही दुकानों में राशन मिल सकेगा।

मार्च महीने में अब तक अपने हिस्से का खाद्यान्न नहीं ले पाने वाले राशन कार्डधारियों को अब पांच दिनों का और इंतजार करना पड़ेगा। शनिवार 21 मार्च से लेकर बुधवार 25 मार्च तक सर्वर अपडेट करने का काम किया जाएगा। सर्वर अपडेट होने के बाद ही 26 मार्च से फिर से खाद्यान्न वितरण सुचारू हो पाएगा। हालांकि तब तक महीने का अंतिम सप्ताह प्रारंभ हो चुका होगा, जिससे जल्द से जल्द खाद्यान्न नहीं ले पाने की स्थिति में मार्च समाप्त होते ही संबंधित कार्डधारी का इस महीने का चावल लैप्स हो जाएगा।



विभाग के अनुसार जिले में अब तक 65 प्रतिशत कार्डधारियों ने अपना खाद्यान्न उठा लिया है। केवल 35 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं, जिन्होंने किसी कारणवश उठाव नहीं किया है। खाद्य विभाग इस बात पर पूरी तरह आश्वस्त है कि लगातार पांच दिनों तक खाद्यान्न वितरण नहीं होने के बाद भी मार्च महीने में खाद्यान्न वितरण का निर्धारित कोटा वितरित कर लिया जाएगा। विभाग के अनुसार जिले में प्रतिदिन कुल कार्डधारियों के पांच प्रतिशत लोगों को खाद्यान्न वितरित किया जाता है। ऐसे में 26 मार्च से महीने के शेष बचे छह दिनों में खाद्यान्न लेने से रह गए लोगों को वितरित किया जा सकेगा।

### 6 दिनों का समय बचेगा

सर्वर अपडेट होने के कारण अब अगले पांच दिनों तक खाद्यान्न नहीं दिया जा सकेगा। हालांकि जिले में 65 प्रतिशत लोगों को खाद्यान्न जारी किया जा चुका है। सर्वर अपडेट होने के बाद 26 से 31 मार्च तक छह दिनों का समय शेष रहेगा, जिसमें आसानी से शेष लोगों को खाद्यान्न जारी किया जा सकेगा।

**- अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

# सीयू में 10-12 सालों से अनुकंपा नियुक्ति के लिए भटक रहे दिवंगत कर्मचारियों के परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अनुकंपा नियुक्ति के लिए 10 परिजन अभी भी इंतजार में
- सीधी भर्ती से भरते गए पद अनुकंपा नियुक्ति वालों के लिए पद नहीं

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अनुकंपा नियुक्ति के लिए मृतक कर्मचारियों के परिजन 10-12 सालों से भटक रहे हैं, यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा उन्हें पद नहीं होने का हवाला देकर चलता कर दिया जा रहा है, जबकि सीधी भर्ती से रिक्त पदों को भरा जा रहा है। अभी भी वर्षों से 10 आवेदक अनुकंपा नियुक्ति की राह देख रहे हैं।

प्रदेश के इकलौते गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नौकरी में रहते जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार वालों को 10-12 सालों से अनुकंपा नियुक्ति के लिए भटकना पड़ रहा है। अभी भी यहां अनुकंपा नियुक्ति के 10 मामले वहां लंबित है और उन कर्मचारी परिवारों के जो आवेदक हैं उन्हें अनुकंपा नियुक्ति के लिए सालों से राह देखना पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी की ओर से इन परिजनों को पद रिक्त नहीं होने का हवाला देकर चलता कर दिया जाता है। अनुकंपा नियुक्ति के लिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भटक रहे आवेदकों ने बताया कि वे कुलपति से मिलने जाते हैं तो उन्हें मिलने नहीं दिया जाता। यूनिवर्सिटी का कर्मचारी संघ भी अनुकंपा नियुक्ति वालों के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है और न्यायालय जाने के लिए उनके पास पैसे नहीं है। उनका यह भी कहना है कि वहीं यूनिवर्सिटी में जो पद रिक्त थे उन्हें यूनिवर्सिटी द्वारा सीधी भर्ती से भर लिया गया, ताकि वहीं के लोगों के रिश्तेदारों को उपकृत किया जा सके। ऐसे-तैसे अनुकंपा नियुक्ति की राह देख रहे आवेदकों की उम्र अधिक होती जा रही है और उनके परिवारों को भी आर्थिक समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है।



### इन मृत कर्मचारियों के परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार

- स्व. सुरेश प्रसाद सोनी
- स्व. मुन्नाराम साहू
- स्व. दीनबंदु तिवारी
- स्व. संतोष कुमार सिंह
- स्व. जसवंत सिंह
- स्व. घनश्याम प्रसाद चन्द्रा
- स्व. संतोष कुमार सोनी
- स्व. मुरलीधर वैष्णव
- स्व. जेपी राजपूत
- स्व. रविशंकर प्रसाद तिवारी

### पिछले साल की गई 53 पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी अनुकंपा वालों के लिए रिक्त पदों को बचाए रखने के बजाए चालाकीपूर्वक रिक्त पदों को भरने सीधी भर्ती तहत पिछले साल विज्ञापन जारी कर काफी सारे रिक्त पदों पर नियुक्ति कर ली है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा नान टीचिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया तहत चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति नवंबर 2025 में की गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्टेनोग्राफर समेत लोअर डिवीजन एवं अपर डिवीजन क्लर्क के पदों के लिए जुलाई 2025 में लिखित और कौशल परीक्षा हुई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के रिक्त 53 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसमें एलडीसी के 36 पदों के लिए तथा अपर डिवीजन क्लर्क यूडीसी के 4 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की गई थी। इसके पहले भी नान टीचिंग लिपिकीय पदों पर भर्ती की गई थी, जिसे लेकर यूनिवर्सिटी पर नियुक्ति में भाई-भतीजावाद का आरोप लगा था। इस तरह से सेंट्रल यूनिवर्सिटी रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरते जा रही है।

### रिक्त पदों पर ही की जा सकती है नियुक्ति

शासकीय सेवा में मृतक के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है। लेकिन अनुकंपा नियुक्ति का जो नियम है उसके अनुसार जो पद रिक्त हैं उनके पांच प्रतिशत पदों पर ही अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकती है। इस तरह जैसे-जैसे पद रिक्त होते जाते हैं अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती है और कई लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई है।

**- प्रो. अश्वनी दीक्षित**, रजिस्ट्रार, सीयू



## खबर संक्षेप

### ईद आज, मस्जिदों में नमाज अता की जाएगी


**बिलासपुर।** सुब्हानिया अंजुमन इस्लामिया ने बताया कि 30 रोजे पूरे करने के बाद 21 मार्च को ईदुलफित्तर मनाई जाएगी। इस दौरान ईदगाह में इदुलफित्तर की नमाज सुबह



आठ बजे अता की जाएगी। डॉ.एमएसके खोखर के अनुसार हजरत अल्लामा व मौलाना मुफ्ती अब्दुल अजीम किबला ईदगाह में इदुलफितर की नमाज की इमामत फरमाएंगे। हजरत मौलाना यूसुफ रजा बरकाती किबला और हाफिज मोहम्मद फरीद अशरफी किबला ईदगाह में मौजूद रहेंगे। अगर चांद निकलने की सूचना मिलने में देरी हुई या नमाज के वक्त तेज बारिश जैसे किसी मौसमी बदलाव की हालत में नमाज का वक्त आधा घंटे से एक घंटे तक बढ़ाया जा सकता है। ईदगाह के बाद सुबह 8.30 बजे चांटापारा जमा मस्जिद में, सुबह 8.15 बजे तालापारा के ताज मस्जिद में, भारतीय नगर के तैय्यब मस्जिद में, 8.30 बजे जूनी लाइन के अकबरी मस्जिद में, यदुनंदन नगर के सफा मस्जिद में, मंगला के अक्सा मस्जिद में, सुबह 8.20 बजे बशीर काम्पलेक्स के रहमानिया मस्जिद में, कोनी के मस्जिद बिलाल में और रेलवे ग्राउंड में नमाज अता की जाएगी।

### वंदे मातरम मित्र मंडल ने धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का किया स्वागत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा पारित धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के पारित होने पर वंदे मातरम मित्र मंडल ने स्वागत किया है। मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने



बताया कि 12 मार्च 2025 को वंदे मातरम मित्र का एक प्रतिनिधि मंडल बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री अरुण साव विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित अन्य मंत्रियों से विधानसभा में मिला था। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाने की मांग की थी। अनेक बार बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों गांवों में सामूहिक धर्मांतरण के प्रकरणों पर पुलिस की सहायता लेकर रोक लगाने का प्रयास किया, लेकिन प्रभावी कानून के अभाव में सब निरर्थक रहा। श्री जैन ने कहा कि कठोर कानून बनने से छत्तीसगढ़ की संस्कृति,धर्म की रक्षा हो सकेगी। छल से धन से, प्रलोभन से धर्मांतरण पर रोक लगेगी। लव जेहाद पर भी इसी प्रकार के कठोर कानून की आवश्यकता है।

### कूर्मी समाज का युवक-युवती परिचय महिला सम्मान समारोह कल



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कूर्मी क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा 22 मार्च रविवार को लखीराम आडिटोरियम में दोपहर 1 बजे से कूर्मि समाज का युवक-युवती परिचय एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा मुख्य अभ्यागत होंगी। उनके साथ अतिविशिष्ट विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक जांजगीर चांपा व्यासनारायण कश्यप, लता ऋषि चन्द्राकर, विशिष्ट अभ्यागत द्रौपती कीर्तन चंद्रा, ललिता संतोष कश्यप, लवकुश कश्यप रतनपुर, सुजीत वर्मा लोरमी, प्रदीप कौशिक कोटा, रामकुमार कौशिक बिल्हा, दीपिका चन्द्रशेखर कौशिक पथरिया, मोरध्वज चन्द्राकर रायपुर एवं रेखा चन्द्रा डिप्टी कलेक्टर मुंगेली होंगी। चेतना मंच के बैनर तले होने जा रहे इस समारोह में समाज के कुल 175 युवक-युवतियों ने परिचय के लिए अपनी स्वीकृति दी है। समारोह में समाज की महत्वपूर्ण धुरी महिलाओं का भी विशेष सममान किया जाएगा। जिसमें ऐसी महिलाओं का चयन किया गया है जिन्होंने विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कौशिक करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक देवनारायण कश्यप हैं। चेतना मंच की प्रदेश महिला अध्यक्ष डा.शारदा कश्यप, उपाध्यक्ष विश्वनाथ कश्यप, देवी चंद्राकर, माला चन्द्राकर, सुमन कौशिक, अनिल कुमार वर्मा आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

### गर्डर की लांचिंग से ट्रेन परिचालन कल प्रभावित रहेगा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने गर्डर डी लांचिंग करने के लिए ट्रेन का परिचालन दो दिन तक रद्द करने का आदेश जारी किया है, जिसके कारण 22 और 23 मार्च को बिलासपुर से रायपुर के बीच लोकल ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के रायपुर मंडल अंतर्गत हथबंद से भाटापारा सेक्शन के बीच लेवल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। रोड अंडरब्रिज निर्माण की अंतिम कड़ी में गर्डरों की डी लाचिंग हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लाक किया जाएगा। इसकी वजह से 22 मार्च को 68734 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 23 मार्च को 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर और 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी। इसके अलावा 22 मार्च को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त करने के बाद बिलासपुर से गोंदिया के बीच रद्द करने के अलावा गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन से रवाना किया जाएगा, जिसके कारण ट्रेन गोंदिया से बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

### वित्तीय वर्ष का अंतिम दौर : 15 दिन में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित टीएल बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के शेष लक्ष्य पूर्ति की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि वित्तीय वर्ष के समापन में अब मात्र दो सप्ताह शेष हैं, ऐसे में सभी विभाग युद्धस्तर पर कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। बैठक में वन भूमि अधिकार के तहत लगभग 3 हजार तैयार पट्टों के शीघ्र वितरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को हर साल मिलने वाली 6 हजार रुपए की सहायता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पात्र किसानों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने पर जोर दिया। उन्होंने मृत किसानों के वारिसों को भी योजना का लाभ दिलाने उनका नाम रिकॉर्ड दर्ज करने कहा। वर्तमान में जिले के 25 से 30 हजार किसान अभी भी सम्मान निधि योजना से वंचित हैं।

# क्यूआर कोड लगाने 9 करोड़ रुपए फूंक दिए, योजना बंद, नया ठेका जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनलाइन टैक्स और अन्य बिलों की वसूली के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने हाईटैक योजना बनाई। लोगों के घरों की दीवारों पर क्यूआर कोड लगाए गए। इसके लिए 8 करोड़ 75 लाख का ठेका भी हुआ। कंपनी ने कुछ घरों में यह क्यूआर कोड लगाया भी। अचानक यह योजना बंद कर दी गई और ठेका कंपनी पैसे लेकर भाग गई। अब निगम ने तय किया है कि इस बार घरों में डिजिटल नेम प्लेट लगाया जाएगा जिसमें मकान मालिक का नाम रहेगा। निगम के मुताबिक पूरे शहर में 40 हजार प्रापर्टियां जो टैक्स से अछूती थीं इससे अब टैक्स के दायरे में आ जाएंगी। इसके लिए सर्वे और दूसरे कामों के लिए साउथ नार्थ प्राइवेट लिमिटेड को 8.59 करोड़ का ठेका दिया गया है।

स्मार्ट सिटी योजना के तहत घर बैठे मोबाइल के जरिए आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा के लिए घरोंघर क्यूआर कोड लगाने की योजना बनाई गई थी। शहर के कुछ-कुछ घरों के सामने क्यूआर कोड लगाया भी गया था वह मोबाइल से स्कैन ही नहीं हो रहा था ना ही लोग घर बैठे टैक्स जमा कर पा रहे थे। मकानों में क्यूआर कोड लगाने के बाद वह चालू नहीं हुआ था और प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया था जो अब बंद हो चुका है।

- सवाल उठ रहे हैं कि जब सिस्टम चालू ही नहीं करना था तो करोड़ों रुपए खर्च क्यों किए गए
- नए ठेके में 40 हजार प्रापर्टियां जो टैक्स से अछूती थीं उन्हें टैक्स के दायरे में लाने का दावा

#### टैक्स जमा कर सकते हैं

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के घरों में क्यूआर कोड वाली प्लेट लगनी थी, शुरूआत में शहर के कुछ मकानों में क्यूआर कोड लगाया भी गया है, लेकिन अब यह प्रोजेक्ट बंद हो गया है और उसकी जगह पर नगर निगम द्वारा आनलाइन टैक्स जमा करने की दूसरी सुविधा चालू की गई है। आनलाइन टैक्स की सुविधा के लिए मकानों को डिजीटल आईडी नंबर दिया गया है और मकान मालिक वेबसाइट पर जाकर अपना आईडी नंबर डालकर टैक्स जमा कर सकते हैं।

#### नए क्षेत्रों में डोर-टू-डोर टैक्स वसूल हो रही

पहले ननि को लोगों से प्रापर्टी टैक्स जमा करवाने काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। निगम की ओर से कई बार नोटिस जारी किया जाता था, तब कहीं जाकर लोग निगम कार्यालय तक टैक्स जमा करने पहुंचते थे। समय पर टैक्स नहीं मिलने के कारण उसका असर निगम की आर्थिक स्थिति पर पड़ता था। अब तो निगम का राजस्व विभाग का अमला निगम के नए एरिया में डोर-टू-डोर जाकर टैक्स वसूल ही रहा है साथ ही निगम कार्यालय में काउंटर में भी टैक्स जमा होता है। अब आनलाइन वेबसाइट के जरिए भी टैक्स जमा करने की सुविधा हो गई है।

#### 12 हजार घरों में ही लगा और काम बंद हो गया

स्मार्ट सिटी के अंतर्गत नगर निगम के पुराने सीमा क्षेत्र शहर के 98 हजार घरों में क्यूआर कोड प्लेट लगाने का टारगेट रखा गया था। इस प्रोजेक्ट पर पूर्व नगर निगम कमिश्नर के समय काम चालू भी किया गया था, कुछ कालोनी एरिया के मकानों में क्यूआर कोड प्लेट लगाया गया था। इसमें शहर के ऐसे मकानों को पहले चिन्हित किया गया, जिनका किसी प्रकार का टैक्स बकाया नहीं है और वे नियमित रूप से टैक्स पटाते आए हैं, ताकि नियमित टैक्स पटाने वालों को घर बैठे आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा मिल सके। हालांकि 12 हजार घरों में ही यह लग सका और बिना काम किए योजना को बंद कर दिया गया।

#### डेढ़ लाख घरों को मिलेगी नई पहचान

नगर निगम के मुताबिक, पहले शहर में क्यू आर कोड लगाने की शुरुआत की गई थी लेकिन अब इसके स्थान पर डिजिटल नेम प्लेट लगाया जा रहा है। दोनों ही कार्यों के लिए एचडीएफसी और कोटक महेंद्रा बैंक के सीएसआर मद से राशि ली जा रही है। निगम के मुताबिक लोगों को डिजिटल नेम प्लेट के पैसे नहीं देने पड़ेंगे। निगम के मुताबिक पासपोर्ट बनवाने के वक्त स्थायी पते की प्रमाणित जानकारी के साथ मकान नंबर की जरूरत होती है, लेकिन बिलासपुर नगर निगम द्वारा 40 वर्षों से मकान नंबर अलॉट नहीं किया गया, इसलिए लोगों को परेशानियां हो रही थी। डिजिटल नेम प्लेट लगने के बाद इस समस्या से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा।

### आरपीएफ क्राइम ब्रांच और बिलासपुर पोस्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई

# स्टेशन में बिना क्यूआर कोड वाले वेंडरों को किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ क्राइम ब्रांच और बिलासपुर पोस्ट की टीम ने कामर्शियल विभाग के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाकर बिना क्यू आर कोड वाले वेंडरों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

रेलवे बोर्ड के साथ कोर्ट ने भी रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अवैध वेंडिंग को खत्म करने के लिए रेल प्रशासन को सख्त आदेश दिया है। इस आदेश का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दिया गया है, ताकि किसी भी यात्री के साथ फूड पाइजनिंग व अन्य समस्या न हो सके। आदेश के बाद कुछ दिनों तक आरपीएफ और कामर्शियल विभाग की जांच चलती है, जिसके बाद मामला फिर शांत हो जाता है। इसका फायदा उठाकर अवैध वेंडर यात्रियों को अपना सामान बेचना शुरु कर देते हैं। इन वेंडरों के द्वारा यात्रियों को समोसा, पुड़ी सब्जी, पानी की बोतल सहित अन्य सामानों को बेचा जाता है। वहीं रेल प्रशासन ने स्टेशन प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टॉल, फुड प्लाजा के वेंडरों को आईडी कार्ड भी दिया है। इस आईडी कार्ड में एक क्यूआर कोड भी दिया गया है, जिसके जरिए संबंधित वेंडर की पहचान रेलवे के रिकार्ड में रहती है। लगातार शिकायत के बाद शुक्रवार की दोपहर बिलासपुर आरपीएफ क्राइम ब्रांच, जोनल मुख्यालय की टीम ने अवैध वेंडिंग रोकने अभियान चलाया। अभियान में निरीक्षक आरके राठौर, नंद बहादुर, वाणिज्य निरीक्षक मनोज साहा के साथ आरपीएफ स्टाफ थे। इस दौरान सभी केंटीन, स्टाल में 27 वेंडरों को चेक किया गया, जिसमें पांच वेंडरों को खाद्य सामग्री के विक्रय के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की गई है।

## वाटर प्लांट पर छापा

**बिलासपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापामार कार्रवाई करते हुए वाटर प्लांट से हजारों बोतल पाउच जब्त किया है। वहीं महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसाद उपलब्ध कराने प्रसाद कक्ष का निरीक्षण कर जांच के लिए लिए सैंपल लिए। संचालकों को चेतावनी दी गई।

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं नियंत्रक खाद्य सुरक्षा के निर्देशानुसार नवरात्रि त्यौहार एवं बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभिहित अधिकारी आरआर देवांगन के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीर सागर पटेल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अविषा मरावी और प्रतीक तिवारी की टीम ने विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर कार्रवाई की। जांच के दौरान सीपत स्थित गंगोत्री मिनरल एंड वाटर प्लांट से पानी की बोतलों का विधिक नमूना लिया गया। साथ ही मिथ्याछाप (भ्रामक लेबलिंग) पाए जाने पर 1 लीटर की 210 पेटी (प्रत्येक में 12 नग), 250 एमएल की 3030 पानी बोतल तथा 250 एमएल के 29,100 पानी पाउच को सीज किया गया। इसके अलावा दो अन्य फर्मों को सुधार करने सूचना जारी की गई। टीम द्वारा सेवई, साबूदाना तथा अरहर और चना दाल के नमूने भी जांच के लिए लिए गए।

इसी क्रम में रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रसाद कक्ष का निरीक्षण किया गया। भोग प्रमाणन (सर्टिफिकेट) के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजे गए। मंदिर परिसर के बाहर लगे ठेले और गुमटियों की भी जांच की गई, जहां अखाद्य रंग से तैयार चाट को नष्ट कराते हुए संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



# फार्मेसी मानवता की सेवा का एक सशक्त माध्यम



### एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा 'नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे' को 'फार्मा अन्वेष 2026' के रूप में मनाया गया। यह आयोजन प्रो एम.एल. श्रॉफ की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें फार्मेसी क्षेत्र के विशेषज्ञों और छात्रों ने हिस्सा लिया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल थे।

विशिष्ट अतिथि सीयू के डॉ. शेखर वर्मा, भाग्यश्री भार्गव थीं। डॉ. आशीष जायसवाल ने छात्रों से कहा कि फार्मेसी केवल दवाओं का निर्माण नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का एक सशक्त माध्यम है। प्रोफेसर श्रॉफ के योगदान को याद करते हुए उन्होंने छात्रों को नवाचार और रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. जायसवाल ने कहा कि आज के दौर में रटी-रटाई शिक्षा से आगे बढ़कर 'नवाचार' की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे केवल नौकरियों के पीछे न भागें, बल्कि अनुसंधान के क्षेत्र में अपना करियर बनाएं ताकि देश नई बीमारियों के विरुद्ध नई और सस्ती दवाएं विकसित कर सके। डॉ. शेखर वर्मा ने वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में फार्मेसी की महत्ता पर प्रकाश डाला और छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ तकनीकी कौशल विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि । केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्रों को विषय की गहराई तक जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक फार्मा जगत अब केवल पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं है। आज के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और उन्नत डेटा विश्लेषण का उपयोग दवाओं की खोज और निर्माण में हो रहा है। उन्होंने छात्रों को इन नई तकनीकों में दक्ष होने की सलाह दी। भाग्यश्री भार्गव ने स्पष्ट किया कि एक दवा की सफलता उसके निर्माण से ज्यादा उसकी 'गुणवत्ता' पर निर्भर करती है। उन्होंने यह साझा किया कि अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों में भारतीय फार्मा विशेषज्ञों की जबरदस्त मांग है। उन्होंने बताया कि दुनिया की हर तीसरी जेनेरिक दवा भारत से आती है, जो हमारी क्षमता का प्रमाण है। प्राचार्या डॉ. श्रुति राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जिला ग्रामीण कांग्रेस ने किया ब्लॉकों में प्रभारी नियुक्त

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) द्वारा जिले के 12 ब्लाकों में ब्लाक प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जानकारी के अनुसार बूथों, पंचायतों, वार्डों और बीएलए के गठन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, जिला बिलासपुर ग्रामीण प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी और जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल के निर्देशों के अनुसार जिले के भीतर संगठनात्मक ढांचे को तत्काल प्रभाव से पूरा करने कहा गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री द्वारा संगठनात्मक गठन अभियान के तहत ब्लॉक प्रभारी की नियुक्ति की गई है। यह तत्काल प्रभाव से प्रभावी माना जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण महेंद्र गंगोत्री ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंशानुरूप पूरे देश में प्रत्येक पंचायत वार्डों बूथों में संगठन के अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री बैज के निर्देश पर संगठन को निचले पायदान तक ले जाना चाहते हैं। आने वाले दिनों में बूथ वार्ड पंचायत स्तर में भी अध्यक्षों की नियक्त करेंगे। जिससे कांग्रेस और ज्यादा मजबूत होगी। इस संदर्भ में संगठन द्वारा बिलासपुर जिला ग्रामीण के अंतर्गत 12 ब्लॉक आते हैं उन सभी ब्लॉकों में ब्लॉक प्रभारी की नियुक्ति की गई है। रतनपुर ग्रामीण से आदित्य दीक्षित, बेलतरा मध्य से दामोदर कांत, सीपत ब्लॉक से मोहम्मद शाहनवाज, मस्तूरी ब्लॉक में गौरव दुबे, तखतपुर नगर से विमल अग्रवाल, तखतपुर ग्रामीण से अमित यादव, सकरी ब्लॉक से संदीप यादव, कोटा से सीमा पांडेय, रतनपुर अभिनव तिवारी, बेलगहना से अवधेश कश्यप, बिल्हा में प्रीति पटनावार एवं तिफरा ब्लॉक से बिहारी देवांगन की नियुक्ति की गई है। सभी ब्लॉक प्रभारी अपने अपने प्रभार ब्लॉक में बैठक करेंगे एवं संगठन को मजबूत करेंगे।

# डेढ़ महीने पहले ही राजस्व प्राप्ति में 101 प्रतिशत पर पहुंचा खनिज विभाग

**बिलासपुर।** शासन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए खनिज विभाग को दिए गए राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को विभाग ने डेढ़ महीने पहले ही पूरा कर लिया है। सरकार द्वारा इस साल के लिए जिले को 45 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरूद्ध 15 फरवरी की स्थिति में ही 45 करोड़ 57 लाख की राजस्व प्राप्ति के साथ खनिज विभाग 101 प्रतिशत पर पहुंच चुका है।

खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के ढेरों प्रकरण बनाने के बाद भी जिले में खनिज विभाग ने सरकार द्वारा राजस्व प्राप्ति के लिए प्राप्त टारगेट को डेढ़ महीने पहले की स्थिति में ही पा लिया है। खनिज विभाग को बीते वर्ष जिले के लिए 40 करोड़ रूपए का टारगेट दिया गया था, जिसे इस साल बढ़ाकर 45 करोड़ कर दिया गया था। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 15 फरवरी की स्थिति में ही जिले की राजस्व प्राप्ति 45 करोड़ 57 लाख रूपए तक पहुंच चुकी थी, जबकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति को अभी डेढ़ महीने शेष ही थे।

#### विभाग की बड़ी उपलब्धि

इस वित्तीय वर्ष में जिले को शासन से 45 करोड़ राजस्व प्राप्ति का टारगेट मिला था। जो कि बीते साल की तुलना में पांच करोड़ अधिक था। विभाग द्वारा 15 फरवरी की स्थिति में ही प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 45.57 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर लिया गया है। यह खनिज विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**
उपसंचालक, खनिज विभाग

### स्व-अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन पाठ्यक्रम एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण पर मिला प्रशिक्षण

# डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के सीका सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन, आईटी डीपीआर एजीयू एवं दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय द्वारा 13 से 18 मार्च तक स्व-अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन पाठ्यक्रम एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सामग्री का डिजाइन एवं विकास विषय पर 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रो. आशुतोष भट्ट एवं डॉ. सुमित प्रसाद ने ऑनलाइन पाठ्यक्रम, स्वयं मंच तथा मूडल शिक्षण प्रबंधन प्रणाली पर पाठ्यक्रम निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। डॉ. पूजा बिजलानी, डॉ. पूजा चतुर्वेदी एवं शिशिर सराठे ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सामग्री निर्माण और आधुनिक वीडियो संपादन उपकरणों पर जानकारी साझा की।



#### शिक्षा की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी : कुलपति

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा डिजिटल शिक्षा आज की आवश्यकता है और इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को समयानुकूल कौशल प्रदान करते हैं। यह पहल विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। वहीं समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑनलाइन आधारित शिक्षण भविष्य की दिशा तय कर रहे हैं। इस कार्यशाला से प्रतिभागियों को नवाचार और तकनीकी दक्षता प्राप्त हुई है। दूरवर्ती शिक्षा निदेशक डॉ. अभिषेक पाठक ने कहा कि दूरवर्ती शिक्षा प्रणाली में गुणवत्तापूर्ण स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को प्रभावी और आकर्षक अध्ययन सामग्री विकसित करने में सहायक होगा।

#### सामग्री निर्माण शिक्षण को अधिक परिणामोन्मुख बनाता है

रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. पूजा चतुर्वेदी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सामग्री निर्माण शिक्षण को अधिक सहभागितापूर्ण और परिणामोन्मुख बनाता है। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों ने नवीन तकनीकों को व्यवहार में लाना सीखा। भोपाल की प्राध्यापक डॉ. पूजा बिजलानी ने कहा डिजिटल उपकरणों और वीडियो संपादन के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक बनाया जा सकता है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी और व्यावहारिक सिद्ध हुआ है। इस अवसर पर किरण तिग्गा, डॉ सतीश साहू, डॉ राकेश यादव, डॉ विशाखा पांडेय, प्रतीक पांडेय, डॉ मंजू साहू शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।

### पीजी सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर 2025 के परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा एमए इकानामिक्स फर्स्ट सेमेस्टर, एमए इकानामिक्स थर्ड सेमेस्टर, एमए योगा फर्स्ट सेमेस्टर, एमए योगा थर्ड सेमेस्टर, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस फर्स्ट सेमेस्टर, एमए इंग्लिश थर्ड सेमेस्टर, एमए जागरफी थर्ड सेमेस्टर, एमएससी फिजिक्स थर्ड सेमेस्टर, एमएससी बॉटनी थर्ड सेमेस्टर, एमएससी जूलाजी फर्स्ट सेमेस्टर, एमएससी जूलाजी थर्ड सेमेस्टर, एमएससी जियोलाजी फर्स्ट सेमेस्टर, एमकाम थर्ड सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नालाजी थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


बिलासपुर नगर निगम महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने चेंट्रीचंड्र महोत्सव पर सिंधी युवक समिति द्वारा निकाली गई झूलेलाल जयंती की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।



आयोजन

## विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर जागरूकता का दिया संदेश





**बिलासपुर।** विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर बिलासपुर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने समाज में जागरूकता बढ़ाने संदेश दिया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य डाउन सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों के अधिकार, सम्मान और समावेशन को बढ़ावा देना है। इस दिवस के सन्दर्भ में बिलासपुर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष गेमनानी ने बताया-डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक स्थिति है, जो 21 वें क्रोमोसोम की अतिरिक्त प्रति के कारण होती है। ऐसे बच्चों में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में कुछ विलंब हो सकता है, लेकिन उचित चिकित्सा, विशेष शिक्षा और पारिवारिक सहयोग से वे भी एक संतुलित एवं खुशहाल जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन बच्चों के लिए प्रारंभिक पहचान,नियमित स्वास्थ्य परीक्षण जैसे थाइरोइड की जाँच आँखों व कानों की जाँच,स्पीचथेरेपी, फिजियोथेरेपी एवं विशेष शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। सही मार्गदर्शन एवं समर्थन से ये बच्चे अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकते हैं। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीकांत गिरी ने बताया डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों के बारे में आम जनता के लिए सरल भाषा में समझना बहुत ज़रूरी है,ताकि उनके प्रति सही समझ और संवेदनशीलता विकसित हो सके। डॉ ने बताया कि आँखें थोड़ी तिरछी और चेहरा थोड़ा सपाट दिख सकता है,जीभ कभी-कभी थोड़ी बाहर हाथ-पैर के लक्षण हथेली में एक सीधी रेखा दिख सकती है। उंगलियाँ छोटी और थोड़ी मोटी हो सकती हैं। हाथ पैर छोटे और मुलायम लग सकते हैं। मांसपेशियों में ढीलापन होता है,बच्चा बैठने, चलने या बोलने में थोड़ा देर से सीख सकता है।

कार्यक्रम

## छात्रसंघ जैसे मंच नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम




**बिलासपुर।** शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व विकास एवं सांस्कृतिक समन्वय के सशक्त संदेश के साथ बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, लोरमी-मुंगेली के छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की। डॉ चंदेल ने दोनों महाविद्यालयों की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों में इन संस्थानों ने निरंतर उत्कृष्टता हासिल की है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार है और छात्रसंघ जैसे मंच नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देश के 74 कृषि विश्वविद्यालयों में से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर को राज्य शासन द्वारा विशेष बजट आवंटित किया गया है तथा इसे "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे यहां के विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में नवगठित छात्रसंघ के पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर से अध्यक्ष के रूप में सुश्री कृतिका भारद्वाज, उपाध्यक्ष पी दीपिका, सचिव मानसी चंद्राकर, एवं सह-सचिव चारु पटेल को शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार कृषि महाविद्यालय, लोरमी-मुंगेली से अध्यक्ष शांति साव, उपाध्यक्ष रुपेश कुमार पटेल, सचिव प्रीति एवं सह-सचिव हर्षिता खनूजा ने अपने पद की जिम्मेदारियां निभाने का संकल्प लिया।

धर्म-क्षेत्र

## बचपन से नटखट थे भगवान श्रीकृष्ण : पं. मिश्रा



**बिलासपुर।** सांई नगर उसलापुर में परब्रह्म की असीम अनुकंपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण ज्ञानयज्ञ महोत्सव का दिव्य आयोजन किया गया है। इसमें कथा वाचक पं. नीरज भूषण मिश्रा ने शुक्रवार को कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुखमणी विवाह प्रसंग की कथा का श्रवण किया गया । 21 मार्च को सुदामा चरित्र, कंस, जरासंध एवं रविवार 22 मार्च को परीक्षित मोक्ष, श्रीकृष्ण परमधाम गमन वध की कथा व चढ़ोत्री होगी। कथा के मुख्य यजमान अचला-चण्डिका प्रसाद पांडेय हैं। सोमवार 23 मार्च को हवन, सहस्त्रधारा, कपिला दर्पण व ब्राम्हण भोजन होगा। कथा कार्यक्रम को सफल बनाने में दीनानाथ, सुरेंद्र शर्मा, रत्ना पाण्डेय, रानी-गोरे लाल शर्मा, विजयलक्ष्मी पाण्डेय, सुनीता, खिलाड़ी लाल पाण्डेय, मेघा, नंदकुमार चौबे मुग्धा, मृदुल पाण्डेय, शिवांश, शिव्या चौबे सहित पूरे पाण्डेय परिवार का सहयोग मिल रहा है।

सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल की जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को सिंधी युवक समिति के नेतृत्व में 53वीं भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए और पूरे शहर में भक्ति व उत्साह का माहौल रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ बुधवारी बाजार स्थित सिंधी गुरुद्वारा से भगवान झूलेलाल की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने "आयो लाल झूलेलाल" के भजनों के साथ बैंड-बाजे और झांकियों के बीच पल्लव पाकर नगर भ्रमण किया।

# चेट्रीचंड्र महोत्सव पर उमड़ा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान झूलेलाल, आयोलाल झूलेलाल का जयघोष, डीजे व धुमाल की धुन पर नृत्य करते रहे। जीवंत झांकिया ने चेट्रीचंड्र महोत्सव पर भव्यता बढ़ा दी। इसके साथ ही कई झांकियां भी रही जो पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया। सुबह समाज के लोगों ने प्रभात फेरी निकाली, इसके बाद स्कूटर रैली निकाली। शोभायात्रा का चौक-चौराहों सहित अन्य जगहों पर समाज के लोगों ने आतिशबाजी, पुष्पवर्षा से स्वागत किया, पेय पदार्थ का वितरण किया। जहां से भी शोभायात्रा निकली, समाज के लोग भगवान झूलेलाल को प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद लिया, पूरे रास्ते प्रसाद वितरित किया गया।

### राजस्थानी नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र

शोभायात्रा में भक्त कंवरराम की भजन-कीर्तन करती जीवंत झांकी, खाटू श्याम,वानर सेना, राजस्थानी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा बुधवारी बाजार से निकलकर जगमल चौक, गांधी चौक, गोल बाजार, सदर बाजार, नेहरू चौक होते हुए सिंधी कॉलोनी भक्त कंवरराम नगर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सिंधी समाज, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी नव युवक समिति, सिंधी वार्ड पंचायत, सिंधी सेंट्रल युवा विंग एवं महिला विंग शामिल रहीं।



### स्कूटर रैली में बुजुर्गों ने भी लिया भाग

इस बार स्कूटर रैली में बुजुर्गो ने भी भाग लिया,महोत्सव में युवाओं के साथ सीनीयर भी स्कूटर रैली में शामिल हुए। शांता फाउंडेशन के द्वारा चेट्रीचंड्र के पावन अवसर पर स्कूटर रैली का स्वागत पुष्पवर्षा करके एवं श्रद्धांलुओं को फ्रूटी, पानी एवं बिस्कुट वितरण कर किया गया। शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी गौसेवक नीरज गेमनानी का ने बताया कि इस बार बुजर्गों ने भी उत्साह से स्कूटर रैली में भाग लिया।



### अग्रवाल समाज ने शोभायात्रा का किया स्वागत

अग्रवाल समाज के द्वारा चेट्रीचंड शोभायात्रा का स्वागत भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर आरती एवं पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। शोभायात्रा में शामिल समस्त सिंधु समाज के स्वजातीय बंधुओं का स्वागत पुष्प वर्षा आतिशबाजी एवं जलपान वितरण कर किया गया। स्वागत कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष शिव अग्रवाल, हरि बुधिया सुनील सोथंलिया, राजू केडिया, आशीष अग्रवाल, सुनील सुल्तानिया, अनिल अग्रवाल गुड़ाखू वाले, मनीष अग्रवाल,विष्णु मुरारका राजेश, अग्रवाल, आनंद नोपानी अंकुर अग्रवाल कपिल जाजोदिया, रूपक जाजोदिया सहित समाज के लोग मौजूद थे।

## संगम की पवित्र डुबकी के बाद रामलला के चरणों में शीश नवाएंगे 1008 श्रद्धालु

**बिलासपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष एक बार फिर भक्ति, आस्था और समर्पण का दिव्य संगम साकार होने जा रहा है। 25 मार्च को पुलिस मैदान से 1008 रामभक्तों का पावन जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा, जो प्रयागराज में त्रिवेणी संगम की पवित्र डुबकी लगाकर प्रभु श्रीराम के दरबार में हाजिरी लगाएगा। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित इस निःशुल्क यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं के हृदय में अपार उत्साह, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संचार हो रहा है।

गुरुवार को यात्रा संयोजक प्रवीण झा के नेतृत्व में अहम बैठक हुई जिसमें सदस्यों को जिम्मेदारी बांटी गई।आयोजित बैठक में यात्रा की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान विभिन्न समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिससे यात्रा का संचालन सुचारू और व्यवस्थित ढंग से हो सके। यात्रा में शामिल 1008 श्रद्धालुओं के लिए 25 एसी बसों की व्यवस्था की गई है। 25 मार्च को दोपहर एक बजे पुलिस मैदान से बसें रवाना होंगी, जहां से अंबिकापुर होते हुए प्रयागराज पहुंचा जाएगा। संगम स्नान के पश्चात जत्था अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगा, जहां रामनवमी 26 मार्च को रामलला के दिव्य दर्शन होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह, एके कंठ,ललित पुजारा,त्रिभुवन सिंह, रिंकू मित्रा, मुकेश झा, हरिशंकर कुशवाहा,चंद्र किशोर प्रसाद,संजय द्विवेदी, सागर साहू,राजीव अग्रवाल,अजीत पंडित, राकेश राय, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### आस्था, अनुशासन और समर्पण का संगम

यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, आस्था, अनुशासन और समर्पण का अनूठा उदाहरण है। 1008 भक्त एक साथ निर्धारित नियमों के तहत यात्रा करेंगे, जिससे सामूहिकता का भाव मजबूत होगा। भगवा वेशभूषा, सामूहिक स्नान और एकजुट दर्शन से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा। यह आयोजन सनातन परंपरा को जीवंत बनाए रखने के साथ समाज में एकता व श्रद्धा का संदेश भी देगा।

### प्रभु श्री राम के साथ आत्मीय रिश्ता

छत्तीसगढ़ की लोक आस्था में भगवान राम को भांजे का दर्जा दिया जाता है, जो यहां की सांस्कृतिक पहचान को विशेष बनाता है। जनश्रुतियों के अनुसार माता कौशल्या का मायका छत्तीसगढ़ की धरती से जुड़ा माना जाता है, इसलिए यहां के लोग राम को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। यही आत्मीय रिश्ता भक्तों को अयोध्या धाम की ओर खींचता है, जहां वे भांजे के रूप में प्रभु राम के दर्शन कर भाव-विभोर हो उठते हैं।

## अन्न के साथ नकारात्मक संकल्पों एवं क्रोध का भी करें उपवास

**बिलासपुर।** नवरात्रि केवल नौ दिनों का पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धता, संयम और शक्ति के जागरण का पावन अवसर है। इन दिनों माँ दुर्गा की आराधना के साथ-साथ यदि हम अपने संकल्प, बोल और कर्म को भी पवित्र बना लें, तो यही सच्ची नवरात्रि की साधना कहलाएगी। उक्त विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने नवरात्रि के संदेश के रूप में व्यक्त किए। बीके स्वाति दीदी ने कहा कि आज के समय में आंतरिक शुद्धता पर ध्यान कम होता जा रहा है। नवरात्रि का वास्तविक संदेश यही है कि हम अपने भीतर छिपी नकारात्मक प्रवृत्तियों—जैसे क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार, द्वेष और कटु वाणी—का त्याग करें। यदि हम अपने संकल्पों में किसी के प्रति बुरा न सोचें, अपने बोल से किसी को दुख न दें और अपने कर्मों से किसी के जीवन में पीड़ा न बढ़ाएँ, तो वही सच्ची देवी-आराधना है। उन्होंने कहा कि क्रोध मानव जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है। क्रोध के वशीभूत होकर मनुष्य न केवल दूसरों को दुख पहुँचाता है, बल्कि स्वयं की शांति और स्वास्थ्य को भी नष्ट कर लेता है। नवरात्रि हमें यह संकल्प दिलाने का समय है कि हम परिस्थिति कैसी भी हो, अपने मन की शक्ति को पहचानें और क्रोध के स्थान पर शांति, सहनशीलता और समझदारी को अपनाएँ।



बीके स्वाति दीदी ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिन आत्मिक अभ्यास के नौ सोपान हैं। पहले दिन आत्म-चिंतन, दूसरे दिन सकारात्मक संकल्प, तीसरे दिन मधुर वाणी, चौथे दिन शुद्ध दृष्टि, पाँचवें दिन क्षमा भाव, छठे दिन सहयोग की भावना, सातवें दिन सहनशीलता, आठवें दिन निस्वार्थ सेवा और नौवें दिन पूर्ण आत्म-शक्ति का अनुभव—यदि इन गुणों को जीवन में धारण कर लिया जाए, तो जीवन स्वतः ही देवी-गुणों से भर जाता है।

# भारत की संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं वैज्ञानिक संस्कृति

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने हिन्दू नववर्ष को नवचेतना, सकारात्मक ऊर्जा एवं जीवन में परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह केवल एक नया वर्ष नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, नवसृजन और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं जीवन मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ राजकुमार सचदेव ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। हिन्दू नववर्ष 'नव-संवत्सर' केवल तिथि परिवर्तन का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, खगोल विज्ञान एवं भारतीय जीवन दर्शन का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करता है। उन्होंने भारतीय काल गणना पद्धति को वैज्ञानिक एवं खगोलीय आधार पर आधारित बताते हुए ऋतु परिवर्तन, चंद्र एवं सूर्य की गति तथा प्राकृतिक चक्रों के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने वेद, उपनिषद एवं भगवद गीता में वर्णित जीवन मूल्यों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गणेश राम साहू ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति रही, उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति एवं परंपराएं ही हमारी वास्तविक पहचान हैं। हिन्दू नववर्ष हमें नव ऊर्जा, सकारात्मकता एवं नई शुरुआत का संदेश देता है। उन्होंने सत्य, अहिंसा, प्रेम एवं "वसुधैव कुटुम्बकम" जैसे मूल्यों को समाज में एकता एवं नैतिकता को सुदृढ़ करने वाला बताया तथा वर्तमान चुनौतियों के समाधान हेतु हमारी सांस्कृतिक विरासत को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन सहायक प्राध्यापक डॉ यशवंत कुमार पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## निधन

### नितिन दुबे



**बिलासपुर।** द्वारिकाधीश मंदिर गोल बाजार के पास रहने वाले नितिन दुबे का 20 मार्च को निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 21 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### अमित पाण्डेय



**बिलासपुर।** बंगाली पारा निवासी अमित पांडे पिता स्व. अविनाश पांडे का 20 मार्च को स्वर्गवास हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे आरती लिल्हौरे एवं रश्मि पांडे के भाई थे।

### फेकू लाल मिश्रा



**बिलासपुर।** बंगाली पारा सरकंडा निवासी रिटायर्ड बिजली विभाग कर्मचारी फेकू लाल मिश्रा खरमोरा वाले का निधन 20 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### संतोष कुमार तिवारी



**बिलासपुर।** ग्राम गनियारी निवासी संतोष कुमार तिवारी का 20 मार्च को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च को ग्राम गनियारी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे किशन तिवारी के पिता एवं गोपाल तिवारी के भाई थे।

### चंपा देवी तिवारी



बिलासपुर। 27 खोली विकास नगर निवासी चंपा देवी तिवारी का 20 मार्च को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे विमलेश तिवारी, कमलेश तिवारी की माता एवं आयुश तिवारी, महिमा तिवारी की दादी थीं।


## मनोकामना ज्योति कलश से जगमगाया मंदिर परिसर

# धनपुर दुर्गा मंदिर में उमड़ी आस्था, जले आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ग्राम धनपुर में स्थित आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने नवरात्रि के प्रथम दिवस मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और जिले की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विधिवत प्रज्वलन भी किया।

इस वर्ष नवरात्रि में श्रद्धालुओं की विशेष आस्था देखने को मिल रही है। मंदिर परिसर में 31 घी एवं 210 तेल के ज्योति कलश एवं लगभग 200 जवारा कलश स्थापित किए गए हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। कलेक्टर ने मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और सभी से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। कलेक्टर के साथ एसडीएम मरवाही देवेंद्र सिरमौर, तहसीलदार सहित मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### श्री दुर्गा मंदिर में नवरात्रि उत्सव का शुभारंभ

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विद्यानगर स्थित श्री दुर्गा मंदिर में भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में उत्सव की शुरुआत हुई। मंदिर परिसर में 9 दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। भक्तों ने अखंड मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं, और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की जा रही है। रामनवमी के दिन शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करेगी।

### आस्था और इतिहास का संगम

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा से लगभग 14 किलोमीटर दूर स्थित धनपुर गांव न केवल धार्मिक, बल्कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। पहाड़ियों और हरियाली से घिरे इस स्थल पर स्थित मां दुर्गा का प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां वर्षभर दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा रहता है। जनश्रुति के अनुसार, प्राचीन काल में पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान धनपुर के जंगलों में समय बिताया था और यहां सैकड़ों तालाबों का निर्माण कराया था। वर्तमान में भी लगभग 200 तालाब अस्तित्व में हैं। खुदाई के दौरान यहां प्राचीन मूर्तियां एवं स्थापत्य अवशेष मिलते हैं, जो जैन, कलचुरी एवं हैहैवंशी कालीन कला से संबंधित माने जाते हैं।

### मंदिर निर्माण और ट्रस्ट की भूमिका

लगभग दो दशक पूर्व तपस्वी संत बाबा मनु गिरी के मार्गदर्शन में इस मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, जिसे स्थानीय जनसहयोग से आगे बढ़ाया गया। वर्तमान में लगभग 4000 वर्गफुट में निर्मित हो रहे इस भव्य मंदिर में तीन गर्भगृह बनाए गए हैं, जिनके गुंबदों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि सौंदर्यीकरण कार्य शेष है। श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर के माध्यम से मंदिर का संचालन किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम मरवाही तथा संचालन कलेक्टर द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के गुंबद के सौंदर्यीकरण हेतु शासन द्वारा 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे आगामी समय में मंदिर की भव्यता और बढ़ेगी।

### प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आध्यात्मिक अनुभूति

प्राकृतिक सुषमा से आच्छादित पहाड़ियों के नीचे स्थित यह मंदिर अपनी मनमोहक छटा के कारण भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। मान्यता है कि, यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है, जिससे यह स्थान मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बन गया है।

### देवी मंदिरों में भक्तों ने की पूजा अर्चना



लोरमी। चैत्र नवरात्रि में नगर व आसपास के क्षेत्रों में स्थित सभी देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत प्रज्वलित हुए। नगर के महामाया मंदिर सहित, महामाया मंदिर रानीगांव, गांधीड़ीह, मझगांव, त्रिशुला देवी मंदिर बघर्रा, महामाया देवी जमुनाही, मां भुवनेश्वरी देवी मंदिर डोंगरी गढ़, बाबा डोंगरी, कारीडोंगरी खुड़िया सहित सभी महामाया मंदिरों में शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जो श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ माता की पूजा-अर्चना की। नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को भक्तों ने सुबह से ही देवी मां के मंदिरों में पहुंचकर मत्था टेककर पूजा आराधना की। दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित मां त्रिशुला देवी अंचल के लोगों का आस्था का प्रमुख केंद्र बिंदु है। गुफा के अंदर विराजमान माता त्रिशुला देवी के दर्शन के लिए दुर्गम पहाड़ियों के रास्ते पैदल चलकर बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पूरे अंचल में भक्तिमय माहौल है। पहाड़ी के ऊपर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है।

# सुरमई शामः स्थानीय गायकों ने से बांधा समा

**पेंड्रा।** जिला संगीत एवं कला संरक्षण मंच जीपीएम के तत्वाधान में 18 मार्च बुधवार को पेंड्रा स्थित होटल सेंट्रल प्वाइंट के लॉन में "सुरमई शाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संगीतमय आयोजन में जिले के प्रतिभावान गायक एवं गायिकाओं ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को सुरमयी बनाते हुए श्रोताओं से खूब वाहवाही बटोरी।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि, फरवरी एवं मार्च माह में जिनका जन्मदिन या पुण्यतिथि आती है, ऐसे सुप्रसिद्ध गायक एवं गायिकाओं के गीतों की ही प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्वर्गीय तलत महमूद, स्वर्गीय जगजीत सिंह, अनवर हुसैन, जौली मुखर्जी, चंदन दास, शंकर महादेवन, अंकित तिवारी जैसे दिग्गज गायकों के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं गायिकाओं में स्व कंचन, अल्का याग्निक, साधना सरगम, श्रेया घोषाल, फाल्गुनी पाठक एवं



अलीशा चिनॉय के गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्लेखनीय है कि, जिला संगीत एवं कला संरक्षण मंच अपने गठन के पिछले 8 महीनों से लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है। अब तक मंच द्वारा एक दर्जन से अधिक छोटे-बड़े कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिससे क्षेत्र में संगीत के प्रति उत्साह और रुचि में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन मदन पांडे ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष इकबाल सिंह, विवेक जायसवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, जिला प्रेस क्लब जीपीएम के अध्यक्ष अखिलेश नामदेव, सचिव शरद अग्रवाल सहित अनेक नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

इन्होंने दी प्रस्तुति- कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले मंच के जिलाध्यक्ष निर्माण जायसवाल, विनय सूर्यवंशी, प्रशांत कुशवाहा, राजू विश्वकर्मा, अमित शर्मा, संतोष प्रजापति, दीपक तिवारी, राहुल सोनी, जगतराम चौहान, पंकज मिश्रा, अजीत दुबे, दीपक कश्यप, मास्टर नदीम एवं जय सोनी शामिल रहे। वहीं गायिकाओं में मीनाक्षी केशरवानी, पूजाश्री केशरवानी, ममता श्रीवास, ममता सिंह, शैल गुप्ता, सोनिया रोहिणी एवं इच्छा जायसवाल ने अपनी मधुर प्रस्तुतियां दीं।

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी लैनूराम पिता श्री भारत राम निवासी ग्राम चकरबेढ़ा तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं 69/2 रकबा 0.70 एकड़ भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रों में 1. शिवकुमार, 2. शिवा, दोनो पिता अभेराम, 3. उतराबाई पति अभेराम सभी निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी ओमकार प्रसाद पिता भुरूराम निवासी सी/104 रामा लाईफ सिटी मुंगेली रोड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं 229 रकबा 1.7080 हेक्टेयर भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रो मे संयुक्त नाम पर दर्ज है जिसे सह खातेदार समेलाल बंजारे पिता श्री रामसाय बंजारे निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा द्वारा स्व. राजेश्वरी पति श्री संजय गुप्ता के नाम पर ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नंबर 296/5, 297/2 रकबा 78 डिसमिल भूमि जो कि मेरे द्वारा इनके पति श्री संजय गुप्ता एवं इनके बच्चे शुभम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, खुशी गुप्ता के नाम पर फौती नामांतरण होना है एवं इसी जमीन से लगी हुई भूमि जो कि चम्पा देवी पति श्री अशोक गुप्ता एवं किरण पति श्री दीपक गुप्ता के नाम पर खसरा नम्बर 297/3 रकबा 80 डिसमिल इसके अलावा इसी भूमि से लगी हुई भूमि जो कि दीपक कुमार गुप्ता पिता बलदाऊ के नाम पर खसरा नम्बर 297/9, 297/7 रकबा 27 डिसमिल भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय-
राजकुमार मिश्रा (नोटरी/ अधिवक्ता)
कश्यप कालोनी गली नं. 4, बिलासपुर
9425543797, 7987504843, 9893352323, 8871167684

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड की ओर से आम- मुख्तियार श्री अनुप खेमका पिता स्व. श्री चंपालाल पता कमल दास मिल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं 82/6 रकबा 0.49 एकड़ भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रो में रोहित कुमार भार्गव पिता रामभरोष भार्गव निवासी इन्दिरा आवास मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम दर्ज है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड की ओर से आम- मुख्तियार श्री अनुप खेमका पिता स्व. श्री चंपालाल पता :-कमल दास मिल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं. 218/1 रकबा 0.0360 हे. खसरा नं. 219/1 रकबा 0.0850 हे., खसरा नं. 224 रकबा 0.3440 हे. खसरा नं. 225/1 रकबा 0.1250 हे, खसरा नं. 225/2 रकबा 0.1250 हे, खसरा नं. 226/3 रकबा 0.2060 हे., कुल खसरा नं 06 कुल रकबा 0.9210 हेक्टेयर भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रो मे चंदरागी पिता स्व. गायत्री प्रसाद निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड की ओर से आम-मुख्तियार श्री अनुप खेमका पिता स्व. श्री चंपालाल पता-कमल दास मिल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं 314 रकबा 1.12 एकड़ भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रो मे श्रीमती उषा बाई सूर्यवंशी पति श्री शिव कुमार सूर्यवंशी निवासी ग्राम चकरबेढ़ा तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड की ओर से आम-मुख्तियार श्री अनुप खेमका पिता स्व. श्री चंपालाल पता-कमल दास मिल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं 79 रकबा 0.1500 हे, खसरा नं 351/1 रकबा 0.1050 हे, कुल रकबा 0.2550 हेक्टेयर भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रो में स्व. त्रिलोचन एवं स्व. अगरमन दोनो पिता स्व. तिजउ के नाम पर दर्ज है एक्त भूमि को शिव कुमार बघेल पिता स्वत्र त्रिलोचन निवासी शांति नगर मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड की ओर से आम- मुख्तियार श्री अनुप खेमका पिता स्व. श्री चंपालाल पता:-कमल दास मिल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं 285 रकबा 0.25 एकड़ भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रो में मंसाराम भराते पिता स्व. रामभरोष, हेमलाल पिता स्व. रामभरोष, रोहित कुमार भार्गव पिता स्व. रामभरोष सभी निवासी ग्राम डगनिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम दर्ज है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-224 मूल आबंटी श्री महेश कुमार शर्मा पिता श्री ओमप्रकाश शर्मा को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 04.05.2007 को पंजीकृत है। इसके उपरांत द्वितीय केता द्वारा विलेख दिनांक 19.01.2026 को पंजीकृत करने के पश्चात उक्त भवन श्री पंकज कुमार सुर्यवंशी, पिता श्री प्रदीप कुमार के नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था / अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भूखण्ड/भवन को एकल नाम पर करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र बिलासपुर

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
कु. प्रीति वगैरह **विरुद्ध** आम जनता वगैरह
**नोटिस/समंस**

प्र.क्र.:- Succession No-02/2026
पेशी तारीख :- 17/04/2026
प्रोसेस क्रमांक:- 95

**बनाम:-** आम जनता वगैरह जिसका प्रकरण से संबंध हो

इस न्यायालय में आवेदिका के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के संबंध में प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 17/04/2026 को नियत है, उक्त आवेदन में द.पू.म.रेल्वे बिलासपुर छ.ग. के द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है उपरोक्त संबंध में किसी भी आमजनता, शासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 17/04/2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है, नियत पेशी दिनांक 17/04/2026 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रकरण का निराकरण विधि अनुसार कर दिया जावेगा।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनाक दिनांक 17/04/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो उसके अगले कार्य दिवस में प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 16/03/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(श्रीमती दीप्ति बरवा)
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क./ अ-6 अ/2025-26
ग्राम सकरी, तहसील सकरी

प्रति, झाडु पिता नामालुम जाति सामान्य निवासी सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक नितेश सूर्यवंशी पिता स्व. कमल कुमार सूर्यवंशी निवासी सकरी, तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सकरी म.न. 4 प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. व तहसील सकरी स्थित भूमि ख.न. 343 रकबा 0.54ए. भूमि वर्तमान आनलाइन राजस्व अभिलेख में झाडु पिता....डेस का नाम दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। उक्त भूमि आवेदक के दादा भगऊ के द्वारा वर्ष 1973 में किया गया था। वर्तमान में आवेदक के दादा एवं पिता जी की मृत्यु हो जाने से मृतक के वारिसानों के नाम आनलाइन रिकार्ड में सुधार किये जाने हेतु धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के तहत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है।

इस संबंध में आपको आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 25/3/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड की ओर से आम- मुख्तियार श्री अनुप खेमका पिता स्व. श्री चंपालाल पता:-कमल दास मिल के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर भूमि खसरा नं 77/4, 77/1, 72/4, 174/1. 26/6 कुल खसरा नं 05 रकबा क्रमशः 0.182 है, 0.121 है, 0.210 हे. 0.169 है. 0.202. कुल रकबा 0.880 हेक्टेयर भूमि जो कि राजस्व प्रपत्रो में सुनील कुमार महदेवा पिता स्व. शिव प्रसाद निवासी ग्राम सेंदरी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम दर्ज है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अत: किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा
अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय-मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9827943402

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार मीना बाई श्रीवास, पति- दुर्गा प्रसाद श्रीवास, निवासी-जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम घुरू, प.ह.नं.61, रा.नि.मं. सकरी, स्थित भूमि खसरा नं. 109/1, रकबा 1.2112, मनीषा केशरवानी, पति- अशोक केशरवानी, निवासी-गोड़पारा बिलासपुर के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उक्त खसरा में से प्लाट नं.09, रकबा 1106 वर्गफुट भूमि को क्रय करने हेतु टोकन दिया गया है, शीघ्र रजिस्ट्री किया जावेगा, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सरकारी, गैरसरकारी संस्था को आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर वैध दस्तावेज के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे, 15 दिवस के पश्चात रजिस्ट्री किये जाने के बाद दावा, आपत्ति अमान्य होगा, जिस पर होने वाली नुकसानी के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सो सूचना जानिए।
दिनांक :- 18/03/2026

भवदीय
Suvendu Naskar
(Advocate) C.G. High Court,
Bilaspur Add./ Offi.-Lal Khadan Rly. Crossing Near Church, Thana- Torwa
Bilaspur (C.G.)
Mo.-98271-81564

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, राकेश कुमार पाण्डेय (उम्र 60 वर्ष), पिता: स्व. श्री अवध बिहारी पाण्डेय, निवासी: वार्ड नं. 12, व्यापार विहार रोड, मातृश्री ट्रेडिंग कंपनी, बिलासपुर (छ.ग.), यह घोषित करता हूँ कि मेरे पुत्र शुभम पाण्डेय के पासपोर्ट में पिता का नाम त्रुटिवश 'राकेश पाण्डेय' दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम राकेश कुमार पाण्डेय है (जैसा कि मेरे आधार व पैन कार्ड में दर्ज है)। भविष्य में मुझे राकेश कुमार पाण्डेय के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

राकेश कुमार पाण्डेय
वार्ड नं. 12, व्यापार विहार रोड,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.: 98934-70141

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी श्री असलम खान)
**ईश्तहार**

उत्तराधिकार प्र.क्र. एस. 02/2026
पेशी दिनांक: 17/04/2026
प्रो.नं. 33/2026

श्रीमती श्याम कुवर वगैरह...आवेदिकागण
विरुद्ध
एक्सीस बैंक वगैरह... अनावेदक

प्रति, आमजनता जिस किसी का भी हितबद्ध हो।

उपरोक्त प्रकरण में मृतक सीताराम सुर्यवंशी के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का निराकरण इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 17/04/2026 को होना है, यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/04/2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश उपरोक्त नियत तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, अथवा कार्य स्थगित हो जाता है जो अन्य कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 18/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(असलम खान)
प्रथम व्यवहार न्यायालयीन वरिष्ठ श्रेणी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर,जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**

रा.प्र.क्र.
ग्राम जरौंधा प.ह.नं. 25
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति,
1. रमेन्द पिता तुकाराम 2. महेन्द्र पिता तुकाराम 3. नवीन पिता देवानंद 4. निधी पिता देवानंद 5. माया पति देवानंद 6. राजश्री पिता देवानंद 7. नवल पिता तुकाराम 8. हरीश पिता तुकाराम 9. सुखउ पिता दुलुराम 10 जिला बिलासपुर छ.ग.

श्रीमती रमा तिवारी **बनाम** रमेन्द वगैं.

एतद् द्वारा ग्राम जरौंधा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रमा तिवारी उम्र 73 वर्ष पति स्व. श्री आर. एस. तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम जरौंधा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 2019, 2021 का टुकड़ा रकबा क्रमशः 0.50, 0.50 ए. भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 09/03/2000 में प्राप्त होने का हवाला देते हुए, अनावेदकगण का नाम दर्ज दिखा रहा हैं, उक्त भूमि ख.नं. 2019, 2021 के टुकड़ा रकबा 0.50, 0.50 ए. भूमि का खसरा बटांकन कर आवेदिका के नाम पर अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 6/08/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तखतपुर

---

**आम सूचना**

मौजा अमेरी प.ह.नं. सकरी तहसील, सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार में श्रीमती मीनाक्षी यादव, उम्र 34 वर्ष, पति दिनेश यादव जाति यादव, पेशा गृहणी, निवासी वार्ड नं. 4 देवनगर घुरू मार्ग, तिफरा, बिलासपुर तहसील एवं जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं अधिपत्य की परिवर्तित (डायवर्सन) भूमि मौजा ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. तहसील सकरी जिला-बिलासपुर, खसरा नं 17/38, रकबा 0.0131 हेक्टेयर, 1500 सौ वर्ग फीट, जिसकी चौहद्दी उत्तर में रोशनी पाण्डेय की भूमि पूर्व में 40 फिट चौड़ा निस्तारी रास्ता, दक्षिण में विनय शर्मा की भूमि, पश्चिम में बघेल का मकान स्थित है। जिसे क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर चुके हैं। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेत का निस्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय इत्यादि को उक्त समव्यवहार या उसके किसी भाग के सत्व अधिपत्य अंतरण के संबंध में कोई भी आपत्ति या दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समय उपरान्त उक्त भूमि का पंजीयन, मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जाएगा. तदोपरान्त की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शुन्य माना जाएगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने

स्थान: बिलासपुर, दिनांक: 20/03/2026

भवदीय-अखिलेश कुमार दुबे
अधिवक्ता (छ.ग.) उच्च न्यायालय
कार्यालय एवं निवास- पुराना पुल के नीचे नया सरकण्डा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827159940

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमाकन /रा.नि. / 2024
बिलासपुर, दिनांक 09/03/2026

प्रति,
1. आवेदक विजय कुमार वगैरह पिता चन्द्रप्रकाश आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2. दिलहरण वर्मासा मोपका

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बावत्। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 24/02/2026

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2403/2 रकबा 0.4050 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक विजय कुमार वगैरह निवासी मोपका के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/03/2026 को समय 10:00 से 05:00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक मोपका

---

**कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग)**
**सूचना पत्र**
**सीमांकन / मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु**

प्रति,
(1) चन्द्रप्रकाश कौशिक पिता जे.एल. कौशिक (2) रामकुमारी पति संतोष कौशिक चकरभाठा (3) विजय कौशिक निवासी अमसेना

**विषय:** सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

**संदर्भ:** भवदीय न्याया. के ज्ञा.क./9/ /2025 बोदरी, दिनांक: 18/11/2025

उक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक निवासी चन्द्रप्रकाश कौशिक पिता / पति जे.एल. कौशिक बेलमुण्डी निवासी बेलमुण्डी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01..रा.नि.मं. व तहसील बोदरी म.नं. 02 स्थित भूमि ख.नं. 208/8 रकबा 0.020 भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.रा.भू.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतू प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदभित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन / मौका जांच दिनांक 24/03/26 को 12.00 बजे को किया जाना है। अत: आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

टीप:-उपरोक्त सीमांकन/ मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. बोदरी, तहसील-बोदरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय हल्का पटवारी ह.न.-14 रा.नि.म. सरगांव तहसील- सरगांव जिला-मुंगेली**
**सूचना पत्र**

क./ क्यू/पटवारी/2026
ग्राम-चन्द्रखुरी दिनांक 20/3/26

प्रति, आवेदक श्री साहेब सिंह पिता नत्थूसिंह एवं अंकित सलूजा पिता भूपेन्द्र सिंह अनावेदकगण।

विषय- सीमांकन/ फर्दबटवारा/ बटांकन में उपस्थित रहने बावत।

माननीय न्यायालय तहसीलदार सरगांव के आदेश क्रमांक MD2 0252663024 0800011 के परिपालन में ग्राम चन्द्रखुरी प.ह.न. 14 रा.नि.म. सरगांव में स्थित निजि खाते की भूमि ख.न. 221/1 रकबा 0.166 हे. एकड/हेक्टयर भूमि का सीमांकन/ फर्द बटवारा/ बटांकन दिनांक 27/3/26 को 10:30 से 5.00 बजे तक किया जाना सुनिश्चित है।

अत: आप अपने भूमि के संबंध में जो भी दस्तावेज आपके पास उपलब्ध है के साथ मौके पर उपस्थित होवे। सूचना पाकर आपकी उपस्थिति न होने पर एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

रमेश कौशिक
पटवारी ह.न.14, तहसील सरगांव

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ मुंगेली के जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने छग विधानसभा भवन में उपमुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि,ज्ञापन में वर्ष 1-1-1998 के बाद अब तक विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्वीकृत पद के विरूद्ध समायोजन करने एवं जहां पद रिक्त नहीं है, वहां वर्ष 2008 की भांति सांख्येतर पद सृजित कर समायोजन करते हुए उन्हें नियमित करने की मांग की गई। साथ ही आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित वेतनमान पर रोक हटाते हुए नियमित वेतनमान में वेतन देने की मांग पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियमितिकरण की मांग पर आवश्यक पहल हेतु सचिव सामान्य प्रशासन को लिखा। साथ ही लंबित वेतनमान में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु कलेक्टर मुंगेली को भी पत्र लिखा। उपमुख्यमंत्री अरूण साव की इस पहल पर संघ ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

### युवाओं को दी गई नशे के दुष्परिणामों की जानकारी




**मुंगेली।** समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में एकीकृत पुनर्वास केंद्र द्वारा ग्राम रामगढ़ में 'नशामुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों एवं उसके सामाजिक, मानसिक और शारीरिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि, नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं नशामुक्ति केंद्र के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति केन्द्र के अधीक्षक सहित ग्राम में युवा मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने किया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**निर्माण कार्य कन्या छात्रावास स्वास्थ्य केंद्र का लिया जायजा**

**लोरमी।** जिला कलेक्टर कुंदन कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने ग्राम चंदली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने औषधि भंडार कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, महिला वार्ड एवं प्रसव कक्ष सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। कलेक्टर ने एएनसी सहित विभिन्न पंजियों एवं ऑनलाइन डेटा के संधारण की समीक्षा करते हुए उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एंटीवेनम एवं रेबीज टीकों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक दवाओं और टीकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गर्मी में हीट वेव को देखते हुए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नालंदा परिसर के लिए चिन्हांकित स्थल का अवलोकन करते हुए प्रस्तावित निर्माण के बिल्डिंग एलिवेशन एवं लेआउट का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान लोरमी स्थित आत्मानंद स्कूल का भी जायजा लिया। इसके अलावा कलेक्टर ने लोरमी फोरलेन पर निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण करते हुए कार्य में



तेजी लाने और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसडीओ प्रवीण शुक्ला ने बताया कि सड़क लोरमी से गोड़खाम्ही तक निर्मित की जाएगी। कलेक्टर ने दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में आवश्यक साइनएजेज लगाने के निर्देश देते हुए सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। लोरमी स्थित कन्या छात्रावास निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में सीसीटीवी कैमरे, महिला गार्ड सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, एसडीएम अजीत पुजारी, आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त शिवकुमार बांधे, सीएमएचओ डॉ शीला साहा, बीएमओ डॉ जीएस दाऊ, पीडब्ल्यूडी एसडीओ प्रवीण शुक्ला, इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### आत्मानंद स्कूल व लालपुर थाना का निरीक्षण



**लालपुर।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल लालपुर का औचक निरीक्षण कर आधार पंजीयन एवं बायोमैट्रिक अपडेट कार्य की समीक्षा की। उन्होंने आधार कार्ड बनने की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से एमबीयू के उपयोग और इसके लाभों की जानकारी ली। साथ ही निजी स्कूलों के बच्चों का भी आधार पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा 7वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, परीक्षा परिणाम एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्राचार्य को विद्यार्थियों की पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## वनक्षेत्र में अवैध कटाई, डोजर एक्सवेटर सहित 3 ट्रैक्टर जब्त



**लोरमी।** खुड़िया वनपरिक्षेत्र घानाघाट परिसर के ग्राम बघर्रा के कुघरझोरी नाला के पास वन भूमि पर अवैध कटाई एवं भूमि रूपांतरण करते एक एक्सीवेटर एक डोजर एवं तीन ट्रेक्टर को जब्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार 19 मार्च को शाम 3 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, कुछ लोग एक्सीवेटर एवं डोजर से अवैध कटाई कर संरक्षित वनक्षेत्र का भूमि रूपांतरण किया जा रहा है। इस पर डीएफओ अभिनव कुमार ने निर्देशन में खुड़िया वन परिक्षेत्र में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उड़नदस्ता दल के साथ घेराबंदी कर एक्सीवेटर मशीन सहित 3 ट्रैक्टर सीजी 28 एल 9802, सीजी 11 एयू 2047, सीजी 12 बीडी 2080, सीजी 28 जे 6820 को जब्त किया गया। एक्सीवेटर मशीन आपरेटर राकेश यादव 20 वर्ष पिता संतोष यादव निवासी ग्राम नवागांव एवं मालिक चंद्रप्रकाश साहू पिता रामचंद्र साहू निवासी ग्राम डिंडौरी, ट्रेक्टर मालिक मोहन जायसवाल पिता रामाधार जायसवाल ग्राम कंचनपुर पो जूनापारा जिला बिलासपुर एवं मनमोहन बंजारे पिता सुंदरलाल बंजारे ग्राम लौदा मुंगेली के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (क), (ग) के तहत कार्रवाई की गई।

## सिंधी समाज ने मनाया भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव



**मुंगेली।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव एवं सिंधी नववर्ष चेट्रीचंड के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला विशेष अतिथि के रुप में शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की और समाज को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान झूलेलाल की आराधना की और पारपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। इस दौरान शोभायात्र, भजन-कीर्तन, आरती का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मान्यता के अनुसार भगवान झूलेलाल को जल के देवता वरुण देव का अवतार माना जाता है। सिंधी समाज में उनकी विशेष मान्यता है, और वे समाज के संरक्षक देवता के रूप में पूजे जाते हैं। चेट्री चंड सिंधी समाज का प्रमुख पर्व है, जो हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है।

## 37 बकरियों की चोरी, दो आरोपी भेजे गए जेल

**बोदरी।** चकरभाठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेवार एवं ग्राम सारधा में 37 बकरियों की चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 15 मार्च तो चकरभाठा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि, थाना क्षेत्र के सेवार एवं ग्राम सारधा गांव से 77 हजार रुपए कीमती 37 बकरियों की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है।

प्रार्थी की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर दोनों आरोपियों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बकरे को में काटकर दुकान में रखी बिक्री रकम 4



हजार रुपए को जप्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी हेमराज उर्फ हेमू उर्फ राहुल साहू पिता परस राम साहू उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम चिलहाटी थाना सरकंडा एवं नजीर खान उर्फ मजीद खान पिता शहीद खान उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चिलहाटी थाना सरकंडा को को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। प्रकरण के अन्य आरोपियों का पतासाजी किया जा रहा है।






## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 1 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन मंगाये गए हैं। पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रुपए निर्धारित किया गया है। आवेदन वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर कर जा सकते हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। विस्तृत जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 एवं जिला रोजगार कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

### हाईकोर्ट में अवमानना प्रकरणों की समीक्षा आज

**बिलासपुर।** उच्च न्यायालय बिलासपुर में लंबित अवमानना प्रकरणों की समीक्षा के लिए 21 मार्च को बैठक होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को तैयारी के साथ मंथन कक्ष में आयोजित बैठक में शामिल होने के निर्देश जारी किए हैं। ऐसे अवमानना प्रकरण जिनमें कलेक्टर बिलासपुर को पक्षकार बनाया गया है, उनमें उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों एवं जवाबदावा की समय-सीमा के पालन की समीक्षा की जाएगी। यह बैठक 21 मार्च को सुबह 10 बजे मंथन सभा कक्ष में होगी। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने प्रकरणों की अद्यतन जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहें।

### सतर्कता मॉनिटरिंग समिति की बैठक 25 को

बिलासपुर। जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में 25 मार्च को शाम 5 बजे होगी। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वर्ष 2026 में दर्ज प्रकरणों के निराकरण (स्वीकृत राशि/वितरित राशि) की स्थिति पर एवं अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

### लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 23 मार्च को सवेरे 11 बजे से जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कार्यालय, निजी संस्थान एवं प्रतिष्ठान में गठित आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष एवं 1 सदस्य को उपस्थित होने कहा है।

---

मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई

सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है लेकिन सुस्ती से

# अशोक नगर चौक बना जोखिम चौक, कीचड़, धूल और गड्ढों से जीना हो गया मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अशोकनगर से बिरकोना मार्ग पर प्रस्तावित गौरव पथ योजना अभी कागजों में है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नाली निर्माण की शुरुआत ने ही लोगों की जिंदगी मुश्किल कर दी है।

पिछले करीब दो महीने से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। नाली खुदाई के बाद मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई है। हालात ऐसे हैं कि दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। लगातार लग रहे जाम से लोगों का इस रास्ते से गुजरना तक मुश्किल हो गया है।





हरिभूमि ने शुक्रवार को अशोकनगर चौक से लेकर आगे बिजली आफिस और फिर बिरकोना रोड तक का जायजा लिया पाया कि यहां से पैदल गुजरना मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है।

### कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे, दुर्घटना की आशंका

निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। खुदाई के दौरान अमृत मिशन की पानी सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहता रहता है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

### हजारों लोग रोज झेल रहे परेशानी

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाएगा। इसके साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। पाइप लाइन क्षति की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए कार्य की समय-सीमा सार्वजनिक की जाए। फिलहाल प्रस्तावित गौरव पथ से पहले ही निर्माण की लापरवाही ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि जिम्मेदार विभाग ने समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी, तो यह परियोजना शुरू होने से पहले ही अव्यवस्था की भेंट चढ़ सकती है।

### पाइप लाइन सुधार रहे

पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण कार्य करने में थोड़ी परेशानी हो रही थी। अब इसे सुधार लिया गया है। गड्ढों को जल्द भर लिया जाएगा। सड़क और नाली का काम इसके बाद जारी होगा।

**- अनुपम तिवारी,** नोडल अधिकारी

---

15 करोड़ में बन रहा अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क हो गया बंद

# 5 एकड़ की इसी जमीन पर अब खुल गया 300 सीटर आवासीय विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कांग्रेस सरकार ने गांवों के गोठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर शहरों में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जाने की योजना बनाई थी। बिलासपुर में इसके लिए छठ घाट के बाजू में एसएलआरएम सेंटर के पास पांच एकड़ जमीन तय करते हुए 15 करोड़ की राशि भी जारी हुई। तीन साल से बन रहा यह प्रोजेक्ट अब पूरा होने को है तो अब यहां प्रयास आवासीय विद्यालय खोला जा रहा है। छोटे उद्यमियों को जो प्लाट काटकर दिए जाने थी वह योजना बंद कर दी गई है। यही नहीं 750 महिलाओं के लिए सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए जाने की योजना भी ठंडे बस्ते में डाल दी गई। अब यहां 300 छात्रों के रहने और पढ़ने की व्यवस्था रहेगी। गौरतलब है कि इससे पहले यह प्रयास विद्यालय रमतला में लग रहा था जहां 270 बालक और 300 लड़कियों की व्यवस्था थी। इस विद्यालय में लगातार बढ़ रहे एडमिशन के कारण बालकों की व्यवस्था छठ घाट में होगी। लड़कियां रमतला आवासीय विद्यालय में ही रहकर पढ़ाई करेंगी।

ज्ञात हो कि पिछली सरकार में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कुटीर (कॉटेज) और सेवा (सर्विस) उद्योग का विकास करने के लिए महात्मा गांधी छत्तीसगढ़ अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क खोलने की घोषणा की थी। अधिकारियों के मुताबिक योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन विकसित करना था। इस योजना के तहत स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप कच्चे माल के स्रोत, सर्विस, उद्योग एवं मार्केटिंग विकसित करते हुए शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देना था। छठ घाट के पास की खाली जमीन को इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा था लेकिन अब सभी योजनाएं बंद कर दी गईं और पूरी जमीन प्रयास आवासीय विद्यालय को दे दी गईं हैं।




### तीन साल की कोचिंग स्टडी मटैरियल भी




गौरतलब है कि छठ घाट परिक्षेत्र में नवनिर्मित प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्घाटन 26 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। यह विद्यालय आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा, 11वीं-12वीं और जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग प्रदान करेगा। अधिकारियों के अनुसार यह एक मॉडल स्कूल के रूप में कार्य करेगा, जहाँ विषय विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संस्था आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित होगी। इस आवासीय विद्यालय में तीन साल की कोचिंग के साथ ही स्टडी मटेरियल भी मिलेगा। फिलहाल तीन कोचिंग सेंटरों को रमतला और छठघाट के प्रयास आवासीय विद्यालय में पढ़ाने का जिम्मा मिला है।

### कई बार मिलीं है अव्यवस्था की शिकायत

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने बिलासपुर में प्रयास आवासीय विद्यालय 2014 में खोला। पहले यह स्कूल बैगा परिसर जरहाभाठा में था। अगस्त 2019 इस स्कूल को नई बिल्डिंग रमतला में शिफ्ट किया। यहां करीब 300 बच्चियां पढ़ रही हैं। यूं तो 21 लोगों का स्टॉफ है लेकिन कई बार स्टाफ के गायब होने और शिक्षकों के साथ ही दूसरे स्टाफ द्वारा प्रताड़ना की भी शिकायतें सामने आती रहीं हैं। छात्राओं ने कलेक्टोरेट का घेराव भी किया है। अब बालक और बालिकाओं का सेंटर अलग किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह विद्यालय छत्तीसगढ़ के प्रमुख विभागीय मुख्यालयों (रायपुर, बिलासपुर, आदि) में स्थापित 6 प्रारंभिक प्रयास विद्यालयों में से एक है। कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा ली जाती है।

### महिलाओं के लिए बन रहा सिलाई सेंटर बंद

ज्ञात हो कि अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत 2 हजार 3 हजार वर्गफीट के छोटे प्लाट काटकर उद्यमियों को दिया जाना था। इसमें कुल 35 प्लाट काटे जाने की तैयारी है। पूरा काम सीईएसआईडीसी की तर्ज पर होना था जैसा कि सिरगिट्टी और तिफरा में उद्योग स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में 15 करोड़ रुपए में 750 महिलाओं के लिए सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए जा रहे थे। इसके लिए शेड और दूसरी व्यवस्था हाउसिंग बोर्ड कर रहा था तो सड़क, नाली, पानी का काम निगम के जिम्मे था। पूरे बजट की व्यवस्था डीएमएफ से की गई। अब लेकिन सभी योजनाएं बंद कर दी गईं हैं।

### बदली जा रही व्यवस्था

पहले यह विद्यालय रमतला में लग रहा था जहां 270 बालक और 300 लड़कियों की व्यवस्था थी। इस विद्यालय में लगातार बढ़ रहे एडमिशन के कारण बालकों की व्यवस्था छठघाट में होगी। लड़कियां रमतला आवासीय विद्यालय में ही रहकर पढ़ाई करेंगी।

**- जीए अश्वनी,** नोडल अधिकारी

---

# चखना सेंटर संचालक ने किया आर्मी जवान पर राड से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



घायल आर्मी का जवान।

■ घायल जवान का सिम्स में चल रहा इलाज

सीपत शराब भट्ठी के सामने चखना दुकान संचालक ने साथियों के साथ मिलकर राड, चाकू व बेल्ट से आर्मी जवान व साथियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट से जवान बुरी तरह से जख्मी हो गया और उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया है। मामला बुधवार की शाम का है।

इंडियन आर्मी के पैरा मिलिट्री में पदस्थ नायक हेड विनोद कुमार लोनिया 22 वर्ष नरगोड़ा के रहने वाले हैं और वर्तमान में आगरा में पदस्थ हैं। छुट्टियों में अपने माता पिता से मिलने के लिए गांव पहुंचे थे। भांचा भरत लाल लोनिया व उसका दोस्त चखना दुकान के पास खड़े थे, इस दौरान चखना संचालक अरविंद सिंह ठाकुर ने कर्मचारियों के साथ मिलकर भरत व कमल के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान चखना संचालक और उसके लोगों ने गाली गलौज व मारपीट की थी, इस दौरान उसने अपने मामा व जवान विनोद कुमार को इसकी जानकारी दी है। जवान विनोद कुमार ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपियों ने राड, लाठी, चाकू, बेल्ट से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे विनोद के सिर, आंख व पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। भरत के पेट पर चाकू से वार किया गया है। घायल विनोद को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सीपत ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उसे सिम्स रिफर कर दिया है। पिछले दो दिनों से जवान सिम्स में भर्ती है, हालांकि उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है लेकिन शरीर में अभी भी जख्मों के निशान मौजूद है। पुलिस ने दोनों पक्षों से कथन लेकर कांउटर एफआईआर कर दिया है।

### एसआई ने दी गालियां

सिम्स में भर्ती घायल जवान विनोद कुमार ने बताया कि थाने में पदस्थ एएसआई धर्मेंद्र यादव को उन्होंने आर्मी की आईडी कार्ड दिखाया। इसके बाद धर्मेंद्र यादव ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए अभ्रदता की और थाने से भगा दिया। खास बात यह है कि पुलिस ने जवान को अस्पताल में भर्ती कराना भी जरूरी नहीं समझा। वहीं चखना संचालक को बचाने के लिए काउंटर एफआईआर कर दिया गया है।

### रेट से अधिक में बेचते हैं चखना

घायल भरत लोनिया ने आरोप लगाया कि चखना सेंटर संचालक लगातार अपनी मनमानी करता है। इस दौरान अधिक रेट पर सामान बेचता है। जिसके चलते हर बार कहासुनी की नौबत आती है। बुधवार को भी सही रेट पर समान देने की बात पर ही दोनों के बीच विवाद हो गया और अपने भांचा भरत को बचाने के चलते ही जवान को संचालक व स्टाफ ने पीट दिया है।

### कार्रवाई जारी है

दोनों लोगों ने शराब के नशे में थाने पहुंचे थे। दोनों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। कार्रवाई जारी है।

**-राजेश मिश्रा**
टीआई, सीपत थाना

### सीयू के तीन शोधार्थियों को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग और फार्मेसी विभाग के तीन शोधार्थियों को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग से किरण गुप्ता जिनके शोध निर्देशक प्रो. अरूण कुमार सिंह हैं तथा बॉटनी विभाग से शोधार्थी सुश्री आराधना तिवारी जिनके शोध निर्देशक प्रो. सुधीर पांडेय हैं और फार्मेसी विभाग से शोधार्थी मयंक गढ़ेवाल का चयन हुआ है जिनके शोध निर्देशक डॉ. योगेश वैष्णव हैं। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नालाजी तथा डॉ. एसपी मुखर्जी इंटरनेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालाजी द्वारा 17-18 मार्च को आईआईआईटी नया रायपुर में हुआ। यंग साइंटिस्ट कांग्रेस एक प्रतिष्ठित वार्षिक मंच है जिसका उद्देश्य विभिन्न वैज्ञानिक एवं इंजीनियरिंग विषयों में युवा शोधकर्ता के उत्कृष्ट कार्यो को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरे यूनिवर्सिटी परिवार में उत्साह का वातावरण है।

---

### एसडीएम की कार को पिकअप ने मारी टक्कर

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार पिकअप ने एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस की कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते उसे तत्काल पकड़ लिया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी चालक नशे में था, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने लापरवाहीपूवर्क वाहन चलाने के मामले में धारा 185 के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, रतनपुर थाना क्षेत्र में पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीयू 6105 के चालक ने लापरवाहीपूवर्क वाहन चलाते हुए कोटा एसडीएम व प्रशिक्षु आईएएस अरविंद कुमार की कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा महामाया चौक के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। हादसे के तुरंत बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से भागने की कोशिश करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक की हरकतें संदिग्ध थीं और वह घबराया हुआ नजर आ रहा था। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने चालक को पकड़ लिया। पकड़े गए चालक और मालवाहक वाहन को रतनपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# चिंगराजपारा के कबाड़ गोदाम में लगी आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

चिंगराजपारा के प्रभात चौक में तड़के सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब जायसवाल कबाड़ी के गोदाम में अचानक धुंआ उठने लगा और देखते देखते आग बढ़ने लगी। घने धुएं को देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए, हालांकि आस पास के लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए, आग बुझाने में सफल रहे। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट अबतक स्पष्ट नहीं है।

गली मोहल्ले में चल रहे कबाड़ गोदाम कभी भी लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं। इन कबाड़ दुकानों में कई बार ज्वलनशील पदार्थ तक स्टोर कर दिया जाता है, जिससे आग भड़कने का खतरा बना रहता है। खास बात यह है कि यह लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। बताया जा रहा है कि सरकंडा थाना क्षेत्र के चिंगराजपारा स्थित प्रभात चौक के पास जायसवाल कबाड़ी के गोदाम में आग लग गई, इस दौरान सुबह सवेरे हुई इस वारदात के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। मोहल्लेवालों ने ही आग बुझाने के लिए पानी की बौछारों की और आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया है और कार्रवाई की बात कह रही है। घनी आबादी के बीच स्थित इस गोदाम को लेकर लोगों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन इसे हटाने या सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने में प्रशासन फेल हो चुका है।



आग लगने से धुंआ-धुंआ हुआ क्षेत्र।

### रेत-गिट्टी का अवैध परिवहन पांच हाइवा जब्त

**बिलासपुर।** खनिज विभाग द्वारा शुक्रवार को चलाए गए छापामार अभियान में गिट्टी व रेत का अवैध परिवहन कर रहे आठ वाहनों को जब्त कर लिया गया है। इसके अंतर्गत विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों से कुल पांच हाइवा वाहन एवं तीन ट्रैक्टर व ट्राली जब्त की है। जब्त वाहनों को थाना सरकंडा एवं कोनी में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इसी क्रम में खनिज के अमले ने जिले के निरतु, सेंदरी, तुरकाडीह, लोखंडी, कोनी, बिरकोना और सरकंडा क्षेत्रों में शुक्रवार को व्यापक जांच अभियान चलाया था। जांच के दौरान सरकंडा क्षेत्र से खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 2 हाइवा तथा रेत का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया। इसी तरह निरतु क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली, तुरकाडीह से 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली, लोखंडी क्षेत्र से 1 हाइवा और 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी अवैध परिवहन करते पकड़ा गया। इसके अलावा अशोक नगर क्षेत्र से मुरुम का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन जब्त किया गया। पूरी कार्रवाई के दौरान कुल 5 हाइवा और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 8 वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना सरकंडा एवं कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

सूचना के आधार पर खनिज विभाग की टीम ने शुक्रवार को छापामार अभियान चलाया था। इस दौरान खनिज के अवैध परिवहन में संलग्न आठ वाहनों को जब्त किया गया है। छापामार कार्रवाई अभी लगातार जारी रहेगी।

-किशोर कुमार गोलघाटे
उप संचालक खनिज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकापीठ, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411